* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

27 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 337

मैं किसी से डरनेवाला नहीं, हर लड़ाई लड़ूंगा : हेमंत



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन
एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

P.R. 337283 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,600 रु./10 ग्राम
चांदी 94,000 रु./प्रति किलो



# एक समय था, जब धनबाद भाजपा में दागदारों को नहीं थी जगह

## ■ अब बहुत कुछ बदल चुका है, निष्ठावान कार्यकर्ता आसमान देखने लगे हैं

## ■ पुराने भाजपाइयों को अब भी भरोसा-सूरज निकलेगा, अंधेरा छंटेगा

आजाद सिपाही विशेष

**परिवर्तन को लेकर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि परिवर्तन संसार का नियम है, लेकिन परिवर्तन वह अच्छा है, जो मानवता, मानवीय मूल्यों, सांसारिक संपदा, मानवाधिकार, सिद्धांत, नैतिकता, जीव संरक्षण, धर्म, न्याय आदि में उत्कृष्टता लाये। राजनीतिक दलों को भी परिवर्तन की मूल परिभाषा और सार्थकता को समझना पड़ेगा, तभी किसी राज्य, जिला, जनपद, गांव-शहर में विकास संभव है और संगठन में मजबूती। झारखंड विधानसभा चुनाव की अधिसूचना अक्तूबर में जारी हो जायेगी। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनावी मोड में आ चुकी हैं। सभी परिवर्तन की ही बात कर रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस, आजसू, जेएमएम, जदयू समेत सभी राजनीतिक दल झारखंड में परिवर्तन की लहर को लेकर सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर पर नारे बुलंद किये हुए हैं। सभा, चौपाल, संगठन चर्चा में भी परिवर्तन ही सुर्खियां बन रहा है। भाजपा ने चुनावी शंखनाद करते हुए झारखंड की वीरभूमि संथाल परगना प्रमंडल के भोगनाडीह से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में झारखंड में परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इसी कड़ी में 26 सितंबर, गुरुवार को श्रमिक नगरी धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (पूर्वी) की परिवर्तन यात्रा का समापन कार्यक्रम में भाग लिया। दूसरी जगहों पर भाजपा की परिवर्तन यात्रा लगातार जारी है। परिवर्तन के इस दौर में आज चर्चा करेंगे धनबाद जिला की, जहां कभी मजदूर नेता जनप्रतिनिधि होते थे, अब बाहुबली को तरजीह मिल रही है। धनबाद कभी सिद्धांत और मजदूर हित, जनहित, सेवा भाव के लिए सर्वश्रेष्ठ था। वहां अब दबंगों का शोर, बाहुबली की जी-हुजूरी सर्वोपरि बन गयी है। अन्य दलों के साथ-साथ बीजेपी की धनबाद इकाई भी इस रोग से ग्रसित हो चुकी है। यह वही धनबाद भाजपा है, जहां पहले दागदारों के लिए कोई जगह नहीं थी। लगता है धनबाद में वह दौर अब समाप्त हो चुका है। परिवर्तन के इस दौर में अब कितना बदल चुकी है धनबाद भाजपा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र**




एक समय था जब धनबाद भाजपा में निष्ठावान, पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं, नेताओं की पूछ थी। दागदारों के लिए धानबाद भाजपा में कोई जगह नहीं थी। नब्बे के दशक का यह वह दौर था, जब धनबाद भाजपा की पहचान अनुशासन, समर्पण और निष्ठा-विश्वास के लिए होती थी। यह वह दौर था, जब धनबाद भाजपा ने धनबाद ही नहीं, बल्कि दिल्ली तक गहरी पैठ रखने वाले धनबाद के बाहुबली घराना सिंह मेंशन के युवराज राजीव रंजन सिंह को भाजपा की सदस्यता देने से इंकार कर दिया था। वहीं झारखंड बनने के 24 साल में परिवर्तन ने इस कदर असर डाला है कि धनबाद भाजपा अब पूरी तरह परिवर्तित हो गयी है। भाजपा नेता स्वयंभू बनते जा रहे हैं। निष्ठावान कार्यकर्ताओं और नेताओं पर वे हावी हो चुके हैं। निष्ठावान बेइज्जती झेलते झेलते खुद किनारे लगते जा रहे हैं। आलम यह है कि धनबाद भाजपा में अब उन लोगों की भी कोई जगह नहीं है, जिन्होंने यहां भाजपा की बुनियाद रखी। पूर्व टुंडी विधायक तथा भाजपा की नींव रखने वाले सत्यनारायण दुदानी भी भुला दिये गये। इनके बेटे शरद दुदानी किनारे लग गये। वहीं नब्बे के दशक में भाजपा जिलाध्यक्ष की हैसियत से 50 हजार कार्यकर्ता बनाने वाले देश में चर्चित रहे पूर्व बियाडा अध्यक्ष बिजय झा ने भाजपा से दूरी बना ली। और तो और, धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, जिन्हें आम लोग पीएन सिंह के नाम से जानते हैं। जिन्होंने तीन-तीन बार धनबाद विधानसभा का नेतृत्व किया, तीन-तीन बार धनबाद लोकसभा से सांसद बने, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे, झारखंड में उद्योग मंत्रालय और मानव संसाधन मंत्रालय तक को संभाला, जिस व्यक्ति पर उनके सार्वजनिक जीवन में कोई दाग तक नहीं हैं, आज वे वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो और उनके समर्थकों द्वारा उन पर की जा रही छीटाकशीं से दुखी हैं। आश्चर्य है कि जिस जांबाज पुलिस अधिकारी की शहादत पर भाजपा को धनबाद लोकसभा में जीत मिली और जांबाज पुलिस अधीक्षक शहीद रणधीर वर्मा की पत्नी रीता वर्मा ने भाजपा का परचम लहराया और चार बार सांसद बनीं, जो रेकॉर्ड है, उन्हें भी धनबाद भाजपा ने साइड लगा दिया और अब उनके भाई धनबाद के सीटिंग विधायक राज सिन्हा को भी साइड करने का तानाबाना बुना जा चुका है। जबकि, राज सिन्हा धनबाद से भाजपा के टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

उल्लेखनीय अन्य नाम भी हैं, जिन्होंने अपना समर्पण देकर भाजपा को मजबूत बनाया, लेकिन परिवर्तन की लहर में वे लोग साइड कर दिये गये। राजनीतिक जानकारों की मानें तो वर्तमान में धनबान भाजपा की कमान ऐसे हाथों में चली गयी है, जो खुद को स्वयंभू मानते हैं। जिन्हें आदर्शवादिता अब पसंद नहीं। धनबाद भाजपा में नीति, सिद्धांत सब बेकार हो गये हैं। दागदारों की जमात बढ़ती जा रही है। धनबाद के पूर्व भाजपा सांसद पीएन सिंह कहते हैं कि भाजपा को शीर्ष पर पहुंचानेवालों को यह सोचना होगा कि धनबाद में क्या हो रहा है। जिस प्रकार की स्थितियों और परिस्थितियों का अब निर्माण हो रहा है, वो किसी भी प्रकार से ठीक नहीं है। न तो पार्टी के लिए और न ही देश के लिए।

### खुद को स्वयंभू समझते हैं धनबाद सांसद ढुल्लू महतो

आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। कभी उसी पद पर अटल बिहारी वाजपेयी भी रहे हैं। क्या किसी ने नरेंद्र मोदी के मुख से अटल बिहारी वाजपेयी की आलोचना सुनी है या अटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ कभी कोई गंदी टिप्पणी सुनी है। दरअसल, ये भाजपा का संस्कार नहीं है और न ही कोई संस्कारित व्यक्ति इस प्रकार की हरकतें कर सकता है। लेकिन, धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लू महतो तो स्वयंभू हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और तीन बार के सांसद पीएन सिंह पर गंदी टिप्पणी करने से भी नहीं चूकते। तभी तो उनके समर्थक कहते हैं कि न खाता न बही, जो धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो बोलें वही सही।

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के चंदनकियारी में दिये गये बयान के बाद भाजपा नेताओं के बीच खलबली मची है। पूछे जाने पर भाजपा नेता यह भी कहते हैं कि क्या इस बयान के बाद अभी भी किसी की हिम्मत है कि ढुल्लू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद महतो के खिलाफ आनेवाले विधानसभा चुनाव में बाघमारा से कैंडिडेट होने का भाजपा से कोई दूसरा दावा करे। कुछ भाजपा नेता यहां तक कहते हैं कि ये सारी बातें समय पर छोड़ दीजिए, समय सबका इलाज करता है।

### ढुल्लू और एलबी में गठबंधन, क्या गुल खिलायेगा

धनबाद में आउटसोर्सिंग का बेताज बादशाह कहे जानेवाले एलबी सिंह ने अब सियासत में एंट्री ले ली है। फिलहाल उनका एकमात्र लक्ष्य धनबाद से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना है। इसके लिए वह हर दरवाजा खटखटा रहे हैं। आश्चर्य यह भी है कि इस व्यक्ति ने कभी भी भाजपा के लिए न तो काम किया और न ही वह पहले भाजपा में किसी कार्यक्रम में दिखते थे, लेकिन पिछले कुछ ही महीनों से धनबाद भाजपा के क्षितिज पर वह हावी हो गये हैं। विशेष सूत्र यह भी बता रहे हैं कि धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो का भी आशीर्वाद एलबी सिंह को प्राप्त हो चुका है। बीते दिनों रायशुमारी कार्यक्रम से पहले गोपनीय तरीके से ढुल्लू महतो और एलबी सिंह के बीच दोस्ताना संबंध बन गया है। इस संबंध का असर रायशुमारी में साफ दिखा। जो व्यक्ति आज तक भाजपा के लिए अनजान था, अचानक रायशुमारी में इतना प्रभावी हो गया कि उनके नाम को समाहित करना पड़ा। वहां किस कदर हुड़दंग हुआ, यह सार्वजनिक हो चुका है।

भाजपा सांसद ढुल्लू महतो की पूरी कोशिश है धनबाद से फिर से राज सिन्हा को टिकट नहीं मिले। एक सोची-समझी रणनीति के तहत धनबाद के कई भाजपा कार्यकर्ता राज सिन्हा के खिलाफ विभिन्न सोशल साइटों पर आग भी उगल रहे हैं। दूसरी तरफ अपने विशेष गुण के कारण एलबी सिंह प्रचार माध्यमों पर हावी हो गये हैं।

### भाजपा को किडनैप कर लेना चाहते हैं ढुल्लू: पीएन सिंह

पूछे जाने पर पूर्व धनबाद सांसद पीएन सिंह समेत अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि दरअसल ढुल्लू महतो धनबाद में भाजपा को किडनैप कर लेना चाहते हैं, ठीक उसी प्रकार जैसे उन्होंने बाघमारा विधानसभा में किया। बाघमारा विधानसभा में उनके खिलाफ कोई कैंडिडेट होने का दावा नहीं करता था। ठीक उसी प्रकार वह धनबाद में करना चाहते हैं। ढुल्लू महतो चाहते हैं कि धनबाद से एलबी सिंह और बाघमारा से अपने भाई को टिकट दिला दें।

भाजपा नेताओं की मानें, धनबाद प्रमंडल की गुरुवार को आयोजित परिवर्तन रैली की तैयारी के लिए झरिया और बाघमारा में कोई बैठक नहीं हुई। आश्चर्य यह भी है कि धनबाद के राज सिन्हा, झरिया से भाजपा के टिकट की प्रबल दावेदार रागिनी सिंह और कल तक बाघमारा का प्रतिनिधित्व करनेवाले आज के धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने एक दूसरे से इस मुद्दे पर मिलने की भी कोशिश नहीं की और न ही समन्वय बनाया। जबकि धनबाद के गोल्फ ग्राउंड यानी रणधीर वर्मा स्टेडियम में होनेवाली परिवर्तन रैली में धनबाद, झरिया और बाघमारा के लोगों को ही सिर्फ भाग लाना था। चर्चा शुरू हो गयी है कि जिस प्रकार की राजनीति ढुल्लू महतो ने धनबाद में शुरू की है, उसका प्रभाव दिखेगा। हो सकता है कि भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता प्रदेश स्तर पर अपने ही शीर्षस्थ नेताओं का विरोध करना शुरू कर दें।

### ये समय का चक्र है या फिर कुछ और....

आम तौर पर भाजपा में जो नेता पार्टी के प्रति वफादार रहे हैं, उनका सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन शायद धनबाद भाजपा ऐसी बन गयी है, जहां वफादारी का इनाम उसकी इज्जत लूटने से होता है और इज्जत लुटनेवाले कोई दूसरे दल के लोग नहीं होते, उसके अपने होते हैं। राजनीतिक पंडित कहते हैं कि ये समय का चक्र है। सांसद ढुल्लू महतो और ढुल्लू के लोगों से सम्मान की उम्मीद करना ही बेमानी है। ढुल्लू महतो किसी के भी खिलाफ कुछ भी बोल देते हैं और उनसे कोई पूछता भी नहीं कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं?

### एक समय था सिंह मेंशन के युवराज को नहीं दी थी भाजपा की सदस्यता

पूर्व झरिया विधायक और धनबाद में सिंह मेंशन के संस्थापक मजदूर नेता सूर्यदेव सिंह पहचान के मोहताज नहीं थे। भाजपा के केंद्रीय नेता से लेकर प्रदेश स्तरीय नेताओं के धनबाद आगमन पर सिंह मेंशन की दहलीज पर आना स्वभाविक माना जाता था। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह भी विधायक सूर्यदेव सिंह के घर आते थे। 70 के दशक से सिंह मेंशन का तूती बोलती, पर शायद बहुत कम लोगों को जानकारी होगी कि साल 1999-2000 में जब झारखंड राज्य का आंदोलन तेज था, धनबाद में भाजपा संगठित, अनुशासित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं से भरी हुई थी। यह वह समय था, जब विधायक सूर्यदेव सिंह के बेटे तथा सिंह मेंशन के युवराज राजीव रंजन सिंह की तूती बोलने लगी थी। राजीव रंजन सिंह भाजपा की सदस्यता चाहते थे और इसके लिए राजीव रंजन सिंह दर्जनों वाहन और समर्थक के साथ संध्या काल धनबाद के जेसी मल्लिक रोड स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे थे। कार्यालय में उस वक्त तत्कालीन भाजपा जिला अध्यक्ष बिजय झा थे। राजीव रंजन सिंह ने भाजपा की सदस्यता का आग्रह जिलाध्यक्ष बिजय झा से किया, लेकिन उन्होंने उन्हें सदस्यता देने से इंकार कर दिया। इस घटना के अगले दिन राजीव रंजन सिंह 101 वाहनों के काफिले के साथ रांची पहुंचे और तत्कालीन भाजपा महामंत्री प्रवीण सिंह ने राजीव रंजन सिंह को भाजपा की सदस्यता दिला दी। सिंह मेंशन के युवराज राजीव रंजन सिंह पुनः धनबाद भाजपा कार्यालय 25 वाहनों का काफिला लेकर पहुंचे और सदस्यता रसीद की अधकटी सामने रखते हुए जिलाध्यक्ष की जगह पर हस्ताक्षर बिजय झा से करनी की गुजारिश की, लेकिन बिजय झा अडिग रहे। उन्होंने सदस्यता रसीद पर हस्ताक्षर नहीं किया।

---

## जामताड़ा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा

# झारखंड में कमल खिलेगा, भ्रष्ट सरकार का अंत निकट: धामी

**आदिवासी समाज का असली उद्धारक केवल मोदी सरकार**

**घुसपैठियों को समर्थन देनेवाली सरकार आदिवासी बेटियों के सम्मान की दुश्मन**

**आदिवासी युवाओं को धोखा देनेवालों को जनता सिखायेगी सबक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जामताड़ा के कुंडहित में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। भारी बारिश के बावजूद परिवर्तन यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ को देख कर उन्होंने कहा, आप सभी का यह जोश और समर्थन इस बात का संकेत है कि इस बार झारखंड में कमल का फूल खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि चाहे आंधी आये या तूफान, भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा कभी रुकनी नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि झारखंड में अपार संपदा है। यह धरती उस पहचान के लिए जानी जाती है कि जब देश में आजादी की शुरुआत भी नहीं हुई थी, तब अगर किसी ने सबसे पहले आवाज उठायी थी, तो वह आदिवासी समाज था। संथाल आदिवासियों की बेटी देश की प्रथम नागरिक बनी हैं, और यह केवल मोदी जी की सरकार में ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी है, जिन्होंने झारखंड में अनेक विकास कार्य किये हैं, जिनका लाभ यहां की जनता को मिल रहा है। जामताड़ा के नाला क्षेत्र में अनेकों सड़कों का निर्माण हुआ है, किसानों को 154 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान



की गयी है और बिजली कनेक्शन देने का काम हुआ है।

श्री धामी ने कहा कि तुष्टीकरण करने वाले, भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने वाले और भ्रष्टाचार में लिप्त जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस की यह गठजोड़ सरकार झारखंड में चल रही है। ये लोग झारखंड की जनसांख्यिकी के साथ खिलवाड़ करने की साजिश रच रहे हैं। घुसपैठियों को आदिवासियों की जमीन, उनकी बेटियों और उनकी आजीविका के साधनों को नष्ट करने की साजिश की जा रही है। आदिवासी बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है। यह सरकार साजिशें रच कर आदिवासी समाज के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि संथाल क्षेत्र में पहले आदिवासियों की जनसंख्या 44% थी, जो अब घट कर 28% रह गयी है। 37 आदिवासी बहनों के साथ बलात्कार हुआ। आदिवासी युवाओं को भी धोखा दिया गया है। झारखंड में एक के बाद एक परीक्षाएं लीक हुई हैं, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब युवाओं को हुआ है। नकल माफिया और पेपर आउट करने वाले लोग सरकार की मिलीभगत से लोगों के हक लूटने में लगे हुए हैं। यह सरकार पैसे लेकर पेपर बांटती है और गरीबों का हक छीनती है। भाजपा की सरकार आने पर ये सारी रिक्तियां भरी जायेंगी। श्री धामी ने कहा कि देश में लंबे समय तक कांग्रेस का शासन रहा है। कांग्रेस ने 60 साल में सिर्फ अपनी तिजोरी भरने और भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया है। पूरा परिवार घोटालों में लिप्त रहा है। यह सरकार रांची में दुर्गा पूजा के पंडालों को लगाने से रोकने की साजिश करती है, इसलिए, ऐसी सरकार को बदलना जरूरी है। झारखंड में परिवर्तन आवश्यक है। घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली इस सरकार को आने वाले समय में उखाड़ फेंकना है। झारखंड के विकास के बारे में सोचने वाली सरकार को लाना है। जहां-जहां डबल इंजन की सरकार है, वहां विकास तेजी से हो रहा है। अपनी संस्कृति के संरक्षण और झारखंड को विकास की गति देने के लिए, आगामी चुनावों में भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लें।

---

## छत्तीसगढ़ में 2050 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के मामले में मामला दर्ज

# झारखंड के आइएएस विनय चौबे भी आरोपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के मामले में रायपुर के आर्थिक अपराध शाखा ने मामला दर्ज किया है। इस मामले छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के अलावा झारखंड के आइएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपी बनाया गया है। ईओडब्ल्यू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला विकास सिंह के बयान पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया है। विकास सिंह ने छत्तीसगढ़ के अधिकारी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट पर आरोप लगाया है कि शराब घोटाला करके छत्तीसगढ़ सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है। आरोपों में यह भी कहा गया है कि इसी



सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर झारखंड की आबकारी नीति को बदलवाया और सरकार के राजस्व को छति पहुंचायी है। आरोपों में यह भी कहा गया है कि दोनों राज्यों के अधिकारियों ने मिल कर मैन पावर सप्लाई में भी घोटाला गया है। आरोपों के मुताबिक, दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच वर्ष 2021 के दिसंबर से लेकर जनवरी 2022 कई बैठकें हुई हैं। बता दें कि इससे पहले अप्रैल 2023 में शराब घोटाले को लेकर आइएएस विनय चौबे और कर्ण सत्यार्थी ने इडी के रायपुर कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया था। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में इडी भी जांच कर रही है। इडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज करायी है। जांच एजेंसी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आइएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिये घोटाले को अंजाम दिया गया था। साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गयी थी, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

27 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 337

कांग्रेस पार्टी शहरी नक्सलवाद की प्रवक्ता बन गयी है : जेपी नड्डा



### सीएम ने किया 1.76 लाख किसानों का 400 करोड़ ऋण माफ

# मैं किसी से डरनेवाला नहीं हर लड़ाई लड़ूंगा : हेमंत

- डीबीटी के माध्यम से पैसे हस्तांतरित किये
- एक रुपये में फसल बीमा करने की योजना का उद्घाटन
- दूध उत्पादकों की प्रोत्साहन राशि पांच रुपये प्रति लीटर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि वह किसी से डरनेवाले नहीं हैं। भाजपा के लोग चाहे कुछ भी कर लें, झारखंड के लोगों के हितों के लिए उनका अभियान जारी रहेगा। गुरुवार को धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित किसान सम्मान योजना कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने झारखंड सरकार की कृषि ऋण माफी योजना के तहत एक लाख 76 हजार 977 किसानों का चार सौ करोड़ रुपये का ऋण माफ किया। योजना के तहत 400.60 करोड़ की राशि को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन के लिए प्रोत्साहन राशि को दो रुपये से बढ़ा कर पांच रुपये प्रति लीटर करने की योजना और एक रुपये में फसल बीमा करने की योजना का भी शुभारंभ किया। इससे 16 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

(शेष पेज 04 पर)

### पता नहीं, इस योजना के खिलाफ भी कोई पीआइएल कर दे

सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम किसान लोन माफी नहीं, किसान सम्मान योजना है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग किसानों को पूंजीपति के हाथ बेचने जा रहे थे, मगर किसानों ने एक साल आंदोलन करके तीन कृषि कानून को वापस कराया। इनके पास एमएसपी देने का पैसा नहीं है, मगर इनके पास पूंजीपतियों का लोन माफ करने का पैसा है। सीएम ने कहा कि कोई किसी को जबरदस्ती परेशान करता है, तो उसे गरीबों की हाय लगती है। मुझे भी झूठे केस में जेल भेज दिया गया। पता नहीं, दो लाख तक की कृषि लोन माफी के खिलाफ भी कोई कोर्ट में पीआइएल दायर कर दे। मगर मैं डरनेवाला नहीं हूं। इनके खिलाफ हर लड़ाई लड़ूंगा।


### धनबाद में परिवर्तन यात्रा में रक्षा मंत्री ने हेमंत सरकार पर कसा तंज

# जेएमएम का मतलब 'जम कर मलाई मारो': राजनाथ

**झारखंड के विकास में झामुमो, कांग्रेस और राजद है बड़ी बाधा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी जेएमएम को 'जम कर मलाई मारो' बताते हुए कहा है कि इसे झारखंड से बाहर निकाल कर दम लेंगे। गुरुवार को स्थानीय गोल्फ ग्राउंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन गरीब आदमी का बेटा है, इसलिए हेमंत सोरेन ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया। चंपाई सोरेन ने क्या अपराध किया था कि उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटाया गया। यहां के सत्ताधारी दलों में लोक-लाज नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन बालू से तेल निकालने में माहिर हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में यहां के मुख्यमंत्री और मंत्री जेल जाते हैं और बाहर निकलने पर सीना तान कर घूमते रहते हैं। उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में व्यवस्था परिवर्तन की जरूरत है। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनायें। भाजपा की सरकार आयेगी, तो घुसपैठियों और रोहिंग्या को बारी-बारी से पहचान कर बाहर किया जायेगा। तीन साल के भीतर सभी को अपना घर, शौचालय और नल मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी भाइयों एवं बहनों का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन झारखंड के विकास में तीन 'स्पीड ब्रेकर' हैं, झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल। इनके गठबंधन ने राज्य को काफी पीछे धकेल दिया। झामुमो ने भगवान बिरसा मुंडा की उपेक्षा की है, लेकिन हम लोग पूरे देश में गौरव के साथ उनकी जयंती मनायेंगे। झारखंड के आदिवासियों के बारे में सिर्फ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही सोचा है। केंद्र सरकार ने झारखंड में रेलवे को संसाधन बढ़ाने के लिए सात हजार करोड़ रुपये दिये हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश बन चुका है, पाकिस्तान को घर में घुस कर हमने मारा है। हमें कोई भी बाहरी देश छेड़ेगा, तो उसे छोड़ेंगे नहीं। यह आज का भारत है।



### रोटी और बेटी का सम्मान बचाना है: बाबूलाल

सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता का सैलाब बता रहा है कि झारखंड परिवर्तन के लिए तैयार है। राज्य की हेमंत सरकार ने सबको ठगा है। हर परिवार को 72 हजार सालाना देने का वादा किया गया था, जो किसी को नहीं दिया। चूल्हा खर्च के लिए दो हजार रुपया देने का वादा, बच्चियों की शादी पर सोने का सिक्का, युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। इस सरकार ने पांच वर्ष में नौकरी तो नहीं, मौत जरूर दी। राज्य में हर परीक्षा में पेपर लीक हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने बालू, पत्थर और जमीन, यहां तक कि सेना की जमीन को भी लूटा है। अगर झारखंड में विकास होगा, तो वह भाजपा ही करेगी। जेएमएम-कांग्रेस ने राज्य को लूटा है। आज राज्य में कानून-व्यवस्था समाप्त हो गयी है। यहां रोटी, बेटी और माटी असुरक्षित है। यह रोटी, बेटी और माटी का संकल्प है और यह भीड़ आज बता रही है कि राज्य में परिवर्तन होने वाला है।

# बहुरुपिये आयेंगे, बरगलायेंगे, सचेत रहें, हेमंत को दुबारा चुनें: कल्पना सोरेन

- मंईयां सम्मान यात्रा गुरुवार को बहरगोड़ा, चाकुलिया, धालभूमगढ़, घाटशिला, मुसाबनी से जादूगोड़ा, पोटका होते हुए जमशेदपुर पहुंची
- गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन एवं महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी शामिल थीं
- चाकुलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित किया कल्पना सोरेन ने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** मंईयां सम्मान यात्रा के क्रम में चौथे दिन गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन घाटशिला और बहरागोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मां और बेटी अपने परिवार और बच्चों के प्रति जो त्याग करती हैं, हेमंत सरकार ने मां और बहनों के सम्मान में हर माह एक हजार रुपये मंईयां योजना के तहत देने का काम किया है। घर की बेटी लक्ष्मी का स्वरूप होती है और घर में किलकारी गूंजती है तो उस घर में खुशहाली और समृद्धि रहती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में महिला खुश रहती है, वह घर खुशहाल होता है और राज्य समृद्ध होता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं को मान सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से पुछा कि मंईयां सम्मान से क्या आप खुश हैं? जवाब में महिलाओं ने खुशी जाहिर की।

कल्पना सोरेन ने कहा कि आज झारखंड में आपके दादा हेमंत कई जन कल्याणकारी योजनाएं ला रहे हैं और विपक्षी उन्हें बंद कराने के लिए पीआइएल कर रहे हैं। चुनाव में कई बहरूपिये आयेंगे, आप सभी को बरगलाने का काम करेंगे। आप सचेत रहें और चुनाव में हेमंत दादा के समर्थन में वोट देकर दोबारा सरकार में लायें। उन्होंने कहा कि आज इतनी बारिश में भी माता और बहनों की भीड़ ने साबित कर दिया है कि आनेवाला समय एक बदलाव का स्वरूप लेकर आ रहा है और आप सभी का आशीर्वाद हेमंत सोरेन को मिलेगा। झारखंड वीर महापुरुषों की धरती है। इसबार की लड़ाई आप सब मिलकर लड़ें, तभी राज्य का विकास होगा और आपको आपका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंडी सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है और आगे भी करेगी। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार ने जब पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण विस में पारित किया, तो फिर केंद्र सरकार इसको पारित क्यों नहीं कर रही? यह सवाल भाजपा के बड़े नेताओं से जरूर पुछिएगा। 136 करोड़ रुपये झारखंड सरकार की केंद्र सरकार के पास बकाया है। लगातार हेमंत सोरेन केंद्र सरकार से मांग रहें हैं, परंतु अब तक उक्त राशि झारखंड सरकार को नहीं मिली है। हेमंत सरकार ने राज्य में विकास की गंगा बहायी है, जिसका लाभ आज सभी समुदाय के लोगों को मिल रहा है। झारखंडी सरकार आप सबकी सरकार है। आने वाले विस चुनाव में सभी संगठित होकर हेमंत सरकार के पक्ष में मतदान कर दोबारा हेमंत सरकार को लायें।



# अब 'पेपर लीक मोर्चा' बन गया है झामुमो: शिवराज सिंह

- राज्य में पांच साल में 74 सौ रेप, छह हजार अपहरण और सात हजार हत्या हुई
- हर बहन के बैंक खाते में डबल पैसे डाल कर आत्मनिर्भर बनायेगी भाजपा
- भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट में 2.87 लाख रिक्त पदों को भरा जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झामुमो को 'पेपर लीक मोर्चा' बताते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। गुरुवार को यहां प्रदेश भाजपा की परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल में झारखंड में केवल अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का बोलबाला रहा। राज्य में 74 सौ रेप, छह हजार अपहरण और सात हजार हत्याएं हुईं। हेमंत सोरेन सरकार से पूरा राज्य बेहाल है। चारों तरफ आतंक का राज है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन का संदेश देने परिवर्तन यात्रा आयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आज मकान बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। गरीबों के लिए मकान बनाना मुश्किल हो गया है। रुबिका पहड़िया जैसी हमारी बेटियों को पहले प्रेम जाल में फंसाया जाता है और बाद में उनकी हत्या कर दी जाती है। राज्य में अपराधी खुल कर खेल रहे हैं, आम आदमी की जिंदगी सुरक्षित नहीं है। राज्य में मां, बहन और बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है।

**मां-बहनों को देंगे प्रति माह 2000 रुपये :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमने लाडली बहना योजना से गरीब बहनों की जिंदगी बदलने की कोशिश की थी। वहां कई महीनों से बहनों के खातों में पैसे भेजे जा रहे हैं। इसे बढ़ा कर तीन हजार रुपये किया जा रहा है। आज कई राज्य इस योजना को अपना रहे हैं। हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव में दो हजार रुपया चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन चार साल तक कुछ नहीं किया। अब चुनाव आया है, तब बहनें याद आयीं और एक महीने पहले से एक हजार रुपये डालना चालू कर दिया। इसका नाम मंइयां सम्मान योजना है, लेकिन इससे बड़ा अपमान बहनों का नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही हर मां-बहन के खाते में भाजपा 2000 रुपये भेजेगी। राज्य में परीक्षाओं में पेपर लीक हो रहा है। यह सब सरकार और सत्ताधारी दल के संरक्षण में हो रहा है। राज्य में 2.87 लाख सरकारी पद रिक्त हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद ये सभी पद भरने का निर्णय कैबिनेट की पहली बैठक में ही लिया जायेगा। भाजपा पूरी व्यवस्था में परिवर्तन करने की तैयारी कर चुकी है।



### 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदेंगे

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रघुवर दास सरकार ने खेती की जमीन वालों को प्रति एकड़ पांच हजार रुपये सालाना दिये जाने का फैसला किया था। अभी यह योजना बंद कर दी गयी है। भाजपा की सरकार बनते ही इसे चालू कर दिया जायेगा। मकान बनाने के लिए मुफ्त बालू दिया जायेगा। भाजपा नेता ने कहा कि धान यहां मिट्टी के भाव बिक रहा है। बगल में छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में भाजपा की सरकार है। वहां के किसान धान बेच कर खुश हैं। झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जायेगा।

# मोदी सरकार का त्योहारों से पहले कामगारों को बड़ा तोहफा, न्यूनतम मजदूरी बढ़ी



- अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह)
- अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह)
- कुशल, लिपिक और शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह)
- उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह)

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** त्योहारों से पहले मोदी सरकार ने कामगारों, खासकर असंगठित सेक्टर के श्रमिकों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने इस सेक्टर में काम करने वाले मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने का एलान किया है। सरकार ने महंगाई के कारण जीवन यापन के बढ़ते खर्च को देखते हुए यह एलान किया है। नयी दरें 1 अक्टूबर 2024 से लागू होंगी। सरकार ने परिवर्तनीय महंगाई भत्ते (वीडीए) में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य श्रमिकों को जीवन यापन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद करना है। केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लोडिंग और अनलोडिंग, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था। न्यूनतम मजदूरी दरों को कौशल स्तर- अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और उच्च कुशल के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्र- ए, बी और सी के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। संशोधन के बाद क्षेत्र ए में निर्माण, झाड़ू, सफाई, लोडिंग और अनलोडिंग में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह), अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह), कुशल, लिपिक और शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। केंद्र सरकार औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में छह माह की औसत वृद्धि के आधार पर वर्ष में दो बार, एक अप्रैल और एक अक्टूबर से वीडीए में संशोधन करती है।

# तीसरी बार शराब घोटाले की तैयारी में हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

- चुनाव लड़ने के लिए अनैतिक तरीके से धन उगाही करने की है कोशिश
- भाजपा की सरकार बनने पर प्रस्तावित शराब नीति को रद्द किया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद नीति में बदलाव को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार इस नीति में बदलाव कर चुनावी धन इकट्ठा करने और लूट मचाने की तैयारी कर रही है। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कैबिनेट की स्वीकृति मिलने से पहले ही शराब के टेंडर की खबर लीक होकर इंटरनेट के टेंडर पोर्टल पर घूम रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि कैबिनेट मीटिंग से पहले ही यह बात बाहर कैसे आयी कि नीति में क्या बदलाव हो रहा है और इसका टेंडर होने वाला है। टेंडर की खबर लीक कर क्या किसी खास व्यक्ति/समूह को अनैतिक लाभ पहुंचाकर अनैतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा दोबारा शराब नीति लाना और कैबिनेट मीटिंग से पहले ही टेंडर पोर्टल पर इस खबर का लीक होना बताता है कि सरकार शराब नीति की आड़ में एक के बाद एक तीसरे बड़े घोटाले को अंजाम देने की तैयारी में है।

श्री मरांडी ने कहा कि घोटालों, चोरी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार जाते-जाते एक बार फिर से बड़ा शराब घोटाला करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा, पहले भी मैंने झारखंड में संभावित शराब घोटालों के बारे में चिंता व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री को इस बारे में चेताया था, लेकिन उन्होंने नैतिकता को पूरी तरह नजरअंदाज कर हेरा-फेरी का रास्ता अपनाया। ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की आदत से मजबूर हेमंत सोरेन लगातार तीसरी बार शराब नीति बदल कर चुनाव के लिए काला धन जुटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं फिर से जनता के सामने यह बात सार्वजनिक कर रहा हूं कि झारखंड में तीसरी बार शराब घोटाले की साजिश रची जा रही है। पिछली बार इसमें छत्तीसगढ़ के शराब माफिया शामिल थे, जबकि इस बार पंजाब और हरियाणा के शराब माफियाओं को लाने की योजना बन रही है। इस घोटाले की पटकथा भी बिरसा मुंडा जेल से लिखी जा रही है। इस बार घोटाले का मुख्य मकसद चुनाव के लिए भारी फंड जुटाना और चुनाव के समय गांव-गांव में शराब बांटना है। जिस सरकार का कार्यकाल दो महीने बचा है, वह अगले तीन साल के लिए शराब दुकान का ठेका परोक्ष रूप से पंजाब-हरियाणा वालों को सौंप कर काला धन वसूलना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैंने एक सितंबर को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को सुझाव दिया था कि शराब बेचनेवाली गांव की गरीब आदिवासी महिलाओं को सरकारी शराब वितरण के माध्यम से जोड़ा जाये, लेकिन मुख्यमंत्री अपनी आदत से मजबूर हैं।








# भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह ने कांग्रेस का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कांग्रेस भवन रांची में गुरुवार को चौनपुर राजपरिवार के सदस्य और भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह ने कांग्रेस का दामन थामा। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थिति थे। केशव महतो कमलेश ने कहा कि विवेक भवानी सिंह बिना शर्त संगठन में काम करने की इच्छा जतायी। इनके आने से संगठन में और मजबूती मिलेगी जैसा कि उन्होंने उद्गार किया की लंबी कतार है भाजपा से कांग्रेस में आने वाले नेताओं की सभी लोग भाजपा की तनाशाह रवैया से परेशान है और धीरे-धीरे कांग्रेस के मुख्य धारा में आने के लिए तत्पर हैं। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हुए।

विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इनके पार्टी में आने से कांग्रेस और गठबंधन के दोनों को मजबूती मिलेगी। मैं व्यक्तिगत तौर पर उनके परिवार को जानता हूं।

विवेक भवानी सिंह ने कहा कि मैं 20 साल से बीजेपी पार्टी में रहा लेकिन यहां जिस तरह से मेरा अभिवादन कर मुझे अपने कांग्रेस परिवार में शामिल किया इसके लिए बहुत-बहुत मैं भाव विभोर हूं। 2014 के बाद से मैं अकेला ही नहीं हूं बहुत सारे लोग हैं जो बीजेपी पार्टी में तानाशाह रवैया से परेशान है उससे प्रभावित हैं सभी लोग एक एक कर के कांग्रेस पार्टी में शामिल होते चले जायेंगे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरएसएस बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया

# मुख्यमंत्री का बयान उनकी सोच और चरित्र को उजागर करता है: दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरएसएस के बारे में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश निर्माण, व्यक्ति निर्माण और समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री का बयान उनके सोच और चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि संघ विश्व में विपदा की स्थिति में निस्वार्थ भाव से सेवा में जुटा रहता है, जहां सरकार भी नहीं पहुंच पाती हैं। संघ का एकमात्र उद्देश्य राष्ट्र को एकता की सूत्र में बांधना और इसे प्रगति के पथ पर ले जाना है। दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री से संघ के बारे में बोलने से पहले इसके बारे में जानने की सलाह दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को आगाह करते हुए कहा कि संघ को बिना जाने उसके बारे में उल जुलूल बोलना आपको शोभा नहीं देता है। इससे आपको बचना चाहिए अन्यथा देश के सनातन धर्मावलम्बी कभी आपको माफ नहीं करेगी।

# पारस एचइसी हॉस्पिटल में निःशुल्क हार्ट स्वास्थ्य जांच कैंप 29 सितंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर पारस एचईसी हॉस्पिटल में 29 सितंबर को निःशुल्क हार्ट स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया जायेगा। इस कैंप में कार्डियक कंसलटेंट, डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशन कंसलटेंट मौजूद रहेंगे। रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, 2 डी - इको कार्डियोग्राफी / ट्रेड मिल टेस्ट निःशुल्क होगा। हेल्थ टॉक का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें लोग संबंधित सवालों को पूछ कर जवाब पा सकते हैं। पारस एचईसी हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ महेश कुशवाहा ने कहा कि वर्ल्ड हार्ट डे का उद्देश्य लोगों को हार्ट की बीमारी से बचने के लिए जागरूक करना है। इसके अलावा, पारस हॉस्पिटल में कैंसर का इलाज भी शुरू हो गया है। पारस कैंसर सेंटर में ऑन्कोलॉजी की टीम टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से प्रशिक्षित है।

## अनुकंपा के आधार पर 19 लोगों की नियुक्ति को स्वीकृति

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय में अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्ति संबंधित बैठक हुई। इस बैठक में सामान्य और चौकीदार के आश्रितों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। वहीं अमीन संवर्ग को प्रोन्नति की सहमति प्रदान की गयी। जिला अनुकंपा समिति ने 19 प्रस्तावों में नियुक्ति की स्वीकृति दी। इसमें उग्रवादी घटना में मृत आश्रितों में कुल पांच और जिला अनुकंपा समिति सामान्य में कुल 14 लोगों की नियुक्ति की स्वीकृति शामिल है। बैठक में जिला स्थापना उप-समाहर्ता रजनी रेजिना इंदवार और सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पत्नी की मर्जी के खिलाफ बनाता था संबंध, कोर्ट ने पति को दिया दोषी करार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट ने पत्नी के विरोध के बावजूद बार-बार शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी रणधीर को दोषी करार दे दिया है। अदालत रणधीर की सजा की बिंदु पर 30 सितंबर को सुनवाई करेगा। फिलहाल दोषी को हिरासत में ले लिया गया है। रणधीर की पत्नी ने उसके खिलाफ वर्ष 2015 में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसमें यह आरोप लगाया गया था कि महिला की मर्जी के बिना उसका पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता है। ट्रायल के दौरान महिला समेत अन्य गवाहों का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया, जिसके आधार पर कोर्ट ने रणधीर को दोषी करार दिया है।

# सीएमपीडीआइ और रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम के बीच एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 55.86 लाख की लागत वाली चिकित्सा उपकरणों की मुहैया कराने के निमित्त रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम, तुपुदाना, रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, सीएमपीडीआइ की ओर से क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती एवं रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम, तुपुदाना, रांची के सचिव स्वामी सत्संगानंद ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस पहल से रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम में निदान और उपचार क्षमताओं में वृद्धि होगी, जिससे रांची और उसके आसपास के ग्रामीण और निवासियों को लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि सीएसआर के तहत सीएमपीडीआइ द्वारा 2022 में रामकृष्ण मिशन टीबी सैनेटोरियम, तुपुदाना, रांची को एक एम्बुलेंस प्रदान की गयी है और एक अल्ट्रासाउंड मशीन-कलर डापलर सिस्टम सुविधा भी स्थापित की गयी है।

# भाजयुमो ने निकाला विरोध-प्रदर्शन मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में हुई पेपर लीक के आरोपों को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में हेमंत सोरेन सरकार के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर पुतला सही चौक पर पुतला जलाया गया मौके पर शशांक राज ने कहा राज्य में एक निकम्मी युवा विरोधी और भ्रष्ट सरकार चल रही है जिसने डिजिटल इमरजेंसी लगाते हुए दो दिनों तक इंटरनेट सेवाओं को बाधित रखकर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा करवाने का ढूंढ कर किया और फिर से एक बार सीजीएल की परीक्षा में छात्रों ने पेपर लिखकर आरोप लगाया या सरकार अपने निगम में पान को लगातार छिपाने के लिए ऐसे उटपटांग काम करती है चुनाव को देखकर हुए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा आनंद फाइनल में ब्लैक लिस्टेड एजेंसी से करवाने का काम इस सरकार ने किया आज पूरे राज्य का युवा इस पेपर इस परीक्षा में पेपर लीक हुई है इसके प्रमाण को लेकर राज के महामहिम राज्यपाल जी से और नेता प्रतिपक्ष हमारे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी से सबूत के साथ मिलने का काम किया है आज इसी के विरोध में युवा मोर्चा रांची महानगर ने सही चौक पर पुतला दहन का या कार्यक्रम किया मौके पर वरुण साहू ने कहा इस सरकार को राज्य के युवाओं से महिलाओं से यहां क्या आदिवासियों से यहां की जनता से कोई लेना-देना नहीं है या सरकार सिर्फ राज्य को किसी भी तरीके से लूटने में व्यस्त है मस्त है और जनता त्रस्त है अभी जेएससीसी सीजीएल परिक्षा में भी व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार और धांधली की खबरें छात्रों के माध्यम से मीडिया में आई है या सरकार राज के युवाओं को गुमराह करते हुए हर एक सीट को सेट कर बेचने का काम किया है आज इसी के विरोध में युवा मोर्चा नया पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया है मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा अभी राज्य में एक भ्रष्टाचारी निकम्मी सरकार चल रही है जिसने पूरे 5 साल युवाओं को रोजगार नहीं दिया और उनको बरगलाने का ठगने का लूटने का खसोटने का काम किया हर बार परीक्षा की पेपर लीक होती है हर बार परीक्षा के पेपर सेट होते हैं और इस बार भी इस सरकार ने इस

# लोकहित अधिकार पार्टी में हजारी प्रसाद मोदी बने प्रदेश सचिव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में वरिष्ठ नेता हजारी प्रसाद मोदी को प्रदेश सचिव और हटिया विधानसभा का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आगामी 30 सितंबर को रांची राजभवन के समक्ष आहूत ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों का पैसा वापस दिलाने के लिए महा धरना आयोजित किया जायेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि हजारी प्रसाद मोदी के आने से रांची जिला में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे, जिनमें प्रधान महासचिव मोहम्मद अजहर आलम, प्रदेश सचिव कुंज बिहारी साहू सहित अन्य शामिल थे।

# रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति ने पुलिस महानिदेशक से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। समिति के मुख्य संयोजक डॉ अजीत सहाय ने कहा कि दशहरे का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने का आह्वान किया। इसमें समिति के कई सदस्य शामिल थे, जिनमें डॉ अजीत सहाय, चंचल चटर्जी, जय सिंह यादव, प्रदीप रॉय बाबू सहित अन्य शामिल थे।

# झामुमो में हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में विक्की जयसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर डॉ. महुआ माजी ने कहा कि वीर शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड आगे बढ़ रहा है और अब साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के कार्यों से भी लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार को आगे की ओर बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में सोमवित माजी, नंद किशोर सिंह चंदेल, सोमू बनर्जी, धीरज यादव सहित कई अन्य नेताओं ने भाग लिया। विक्की जयसवाल के नेतृत्व में शामिल होने वाले युवाओं में जीतन, विकास यादव, मंटू मेहता, राहुल राजपूत, करण, राजा सिंह, बाबू प्रजापति सहित कई अन्य शामिल हैं।

## लता मंगेशकर के जन्मदिन पर 28 को रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जन्म दिन के अवसर पर 28 सितंबर रिदम म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले लालपुर रांची स्थित सिटी पैलेस में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रांची के अतिरिक्त झारखंड के दूसरे राज्य के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर लता मंगेशकर अवॉर्ड 2024 से रांची झारखंड के सभी दिग्गज कलाकारों को संगीत जगत में अमूल्य योगदान हेतु सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी रिदम ग्रुप की संचालिका स्वप्न चैटर्जी एवं निगार सुल्ताना ने दी है।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के फादर सी.डीब्रावर सभागार में तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा और उप- प्राचार्य डॉ.फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा ने कहा कि छात्रों को प्रिंट पुस्तकें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि डिजिटल युग में भी प्रिंट पुस्तकों का कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा कि ₹भले एक पुराना कोट ही पहने लेकिन पुस्तक एक नयी ही ले। उपप्राचार्य डॉ फादर प्रदीप ने भी पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनी में आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस, साहित्य एवं अन्य विषयों की पुस्तकें हिंदी एवं इंग्लिश में उपलब्ध हैं। इस प्रदर्शनी में हिमालया पब्लिशिंग, एस चांद, रावत पब्लिकेशन, नरोसा पब्लिशिंग, ओरिएंट ब्लैकस्वान, यूनिवर्सिटी प्रेस, टैक्समैन, वाणी प्रकाशन, विकास पब्लिकेशन, कल्याणी पब्लिशर्स और लोहिया ग्रंथालय के स्टाल शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से निशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में यशोदा ग्रुप के अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कश्यप व्यास हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे और चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाने का अनुरोध किया गया है। सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

### सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ और मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के सहयोग से सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 30 रक्तदाताओं की जांच की गयी और 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर आदरणीय श्री रोहित साथी, आईडीएसई, ईई, गैरिसन इंजीनियर, एमईएस, रामगढ़ और सीएमओ प्रभारी डॉ. भास्कर चक्रवर्ती ने उद्घाटन किया। सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता अभियान का थीम ₹ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए₹ है, जो 16 अगस्त से प्रारम्भ हुआ है।

### झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन ने 7वां नेशनल कैटरर्स दिवस मनाया




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 7वां नेशनल कैटरर्स दिवस गुरुवार को चिरौंदी में मनाया गया। इसका शुभारंभ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल और सचिव अरुण सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि आयोजन का उद्देश्य अपने व्यवसाय को मजबूत बनाना और संगठित होकर काम करना है। कैटरर्स के परिजनों की उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप ने कहा कि इस दिवस को अधिवेशन का रूप देंगे। मौके पर निर्मल मोदी, राजेश गुप्ता, राकेश मिश्रा, जसवंत पांडेय, दीपेश शर्मा, वकील साव, रोशन सिंह, नवीन शर्मा, पंकज, संजय, राजेश, सुबोध आदि मौजूद थे। इस अवसर पर स्व महावीर शर्मा की स्मृति में लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार रांची शहर के स्व सुवा जी महाराज को दिया गया। जिसे उनके पुत्र को रतन जी महाराज को शर्मा कैटरिंग के दीपेश शर्मा ने दिया। इसके अलावा राज्य के कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के सदस्यों एवं उनके परिवार के इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेर्ड अकाउंटेंट सीएमऐ इशानी बक्शी, हर्ष अग्रवाल, केशव शर्मा, यश अग्रवाल, अकछत कात्यायन को प्रतिभा सम्मान पुरुस्कार दें कर सम्मानित किया। वहीं, आशीर्वाद बैंक्वेट के राजेंद्र गोप और तरुण मल्लिक को बैंक्वेवट पार्टनर और विभिन्न गणमान्य को भी सम्मानित किया गया।

## पेज 01 का शेष

### मैं किसी से डरनेवाला नहीं...

**महाराष्ट्र में सरकार बनायी नहीं, बल्कि खरीदी गयी :** हेमंत सोरेन ने कहा कि महाराष्ट्र में सरकार बनायी नहीं, बल्कि खरीदी गयी है। ये लोग जहां जीतते नहीं हैं, वहां सरकार खरीद लेते हैं। अब वोट खरीदने झारखंड आ गये हैं। झारखंडी जेल, गोली, लाठी-डंडा से डरनेवाला नहीं है। लड़ कर लिया है झारखंड, लड़ कर अधिकार लेंगे।

**किसानों का बैंक उसका खेत और एटीएम कार्ड खलिहान होता है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लोगों के पास, हमारे गांव-देहात के लोगों के पास, हमारे किसानों के पास बोरा भर-भर कर पैसा नहीं है, बैंक में भरा हुआ नोट नहीं है, कोई एटीएम कार्ड भी नहीं है। बड़ी मुश्किल से खाता भी खोलते हैं, तो वो खाता में कुछ पैसा मेहनत-मजदूरी करके जमा करने का प्रयास आप लोगों का हमेशा रहता है। इसलिए हम कहते हैं कि हमारे किसानों का बैंक खेत होता है और एटीएम कार्ड उसका खलिहान होता है। यही संपत्ति है हमारे किसानों की।

**विचित्र स्थिति से गुजर रहा है देश :** सीएम ने कहा कि आज बड़ी विचित्र स्थिति से यह देश गुजर रहा है। आप लोगों ने सुना होगा कि पूरे देश का किसान भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक साल से अधिक तक दिल्ली को घेर कर बैठ गया था। दिल्ली में इस तरीके से वो किसान डट कर बैठे कि भारत सरकार चहारदीवारी से बाहर नहीं निकल पा रही थी। उस आंदोलन में अनेक किसानों की जान चली गयी और ठंडा भी गुजर गया, गर्मी गुजर गयी, हर मौसम गुजर गया। लेकिन किसान डटे रहे। क्यों डटे रहे, क्योंकि यही एनडीए की सरकार, यही भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के लिए काला कानून लेकर आ रही थी।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक राजेश कच्छप मौजूद रहे।

### सीएम आज 438 लोगों को देंगे नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को शौर्य सभागार, जैप -1 डोरंडा, रांची में दिन के 12 बजे से विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। समारोह में कुल 438 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### गुमला में शिवराज सिंह चौहान ने किया रोड शो

# झारखंड सरकार चुनावी वादा भी पूरा नहीं कर सकी : शिवराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने गुमला में रोड शो किया। रोड शो का नेतृत्व भाजपा के बबलू वर्मा ने किया। श्री चौहान मुख्यतः गुमला जिला के सिसई में अयोजित परिवर्तन रथ यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करने पहुंचे थे। सिसई से नेतरहाट जाने के क्रम में वे गुमला पहुंचे थे। गुमला में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इनके स्वागत में हवाई अड्डे के समीप से बाइक रैली निकाली गयी। जैसे ही रैली का शहर के अंदर प्रवेश हुआ शिवराज सिंह चौहान का रोड शो शुरू हो गया।

कार्यकर्ताओं ने उन पर फूल बरसाये, और भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में जोरदार नारे लगाये गये। शिवराज सिंह चौहान का रोड शो स्थानीय टावर चौक पर आकर रुका। वहां स्थापित शहीद बेदी पर उन्होंने पुष्पअर्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद वहां से उनका काफिला पटेल चौक की तरफ चल पड़ा। मेन रोड में उन्होंने आम लोगों का अभिवादन किया। पटेल चौक पहुंचने के बाद उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने लोगों का कुशलक्षेम जाना। पटेल चौक से सीधे वे सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में मौजूद कुछ पत्रकारों से उन्होंने बातचीत की। बातचीत के क्रम में मीडिया से उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार आज हर मोर्चे पर विफल है। चुनावी वादा भी सरकार ने पूरा नहीं किया। 5 लाख लोगों को नौकरी का वादा करके सरकार मुकर गयी। ग्रामीण और भोली भाली जनता को लुभाने के चक्कर में कई प्रकार की योजना राज्य में चलायी जा रही है। बेरोजगारों को भत्ता देने के वादों को भी सरकार पूरा नहीं कर पायी। आने वाले समय में जनता गठबंधन की सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी।




## किसी राज्य में इतनी घटिया मानसिकता मैंने नहीं देखी : शिवराज सिंह चौहान

रांची। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरी तो आपत्ति इस पर है कि चंपाई सोरेन जी, जो मुख्यमंत्री के पिताजी के साथी थे, पहले न केवल उन्हें अपमानित किया गया, बाद में जब उन्होंने अपने आपको अपमानित महसूस किया, तो पार्टी छोड़ी झारखंड और झारखंड की जनता की खातिर। अब इतनी घटिया मानसिकता मैंने नहीं देखी कि उनकी सुरक्षा की गाड़ियां छीन ली गयीं। पद आते हैं, जाते हैं कोई बनता है, कोई नहीं बनता। लेकिन सामान्य शिष्टाचार दिखाना चाहिए। कभी किसी राज्य में ऐसा नहीं हुआ कि एक्स सीएम की सुरक्षा की गाड़ियां चिढ़ कर छीन ली गयी हों। ये उनकी निकृष्ट मानसिकता को दर्शाता है। ये घटिया सोच है। लेकिन चंपाई सोरेन भी टाइगर हैं, वो गीदड़ भभकियों में नहीं आने वाले। लगातार ये सरकार घटियापन का सबूत दे रही है। ऐसे आरोप लगा रही है, जिसका जवाब देने की भी जरूरत नहीं है। लेकिन कम से कम चंपाई सोरेन की जिंदगी से तो खिलवाड़ न करें।

# अगर मुझे कुछ हुआ, तो राज्य सरकार जिम्मेदार: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीतिक लड़ाई अब एक नयी दिशा की ओर बढ़ गयी है। झामुमो से पाला बदल कर भाजपा में आनेवाले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इतने दिनों शांत रहने के बाद राज्य की हेमंत सरकार पर हमलावर दिखने लगे हैं। यह मुद्दा तब से गरमाया है, जब से राज्य सरकार की डिमांड पर चंपाई सोरेन ने अपनी सरकारी गाड़ियां वापस की हैं। उसी के बाद से वह हेमंत सोरेन सरकार पर विशेष मुखर हैं। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने राज्य के कैबिनेट सेक्रेटरी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि भविष्य में अगर उनके साथ किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी। उन्होंने यह भी लिखा है- मैंने 28 अगस्त को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्हें जेड प्लस की सुरक्षा वाहन सहित दी गयी है। इस बीच 24 सितंबर को सार्जेंट मेजर ने कॉल कर कारकेड के तीन वाहन चालकों को सभी वाहन वापस करने को कहा। पूर्व सीएम ने कहा कि अचानक से इस तरह कॉल कर सभी वाहनों को वापस मंगाना कहां से उचित प्रतीत होता है। मैंने 25 सितंबर यानी बुधवार को सभी वाहन अपने विभाग को पत्र के माध्यम से वापस कर रहा हूं।



### हेमंत के आरएसएस की तुलना चूहे से करने पर सूबे की सियासत गरम

# हेमंत सोरेन आप कितना वोट बैंक की राजनीति के कारण नीचे गिरेंगे: बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरएसएस की तुलना चूहे से करने पर सूबे की सियासत गरम हो गयी है। इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास से ही आज भारत गुलामी की मानसिकता को तोड़कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बढ़ा रहा है, लेकिन यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के कारण पूर्वजों, वंशजों और आदिवासी समाज की अस्मिता को खतरे में डाल रहे हैं। बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन को राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ दिख नहीं रही, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अस्मिता और परंपरा को स्थापित कर रहा है। उसे हेमंत सोरेन अपने राज्य में प्रतिबंधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण ही आज अपने धर्म के साथ जीवन यापन कर रहे हैं, नहीं तो उनके सहित सारे लोग अपने मूल धर्म को खो चुके होते। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन आप कितना वोट बैंक की राजनीति के कारण नीचे गिरेंगे। अपने अंतर्मन की आवाज को जरूर सुनें। बता दें कि हेमंत सोरेन ने आरएसएस को लेकर दिए गये बयान में उन्होंने कहा है कि यह आरएसएस के लोग चूहे की तरह हमारे अंदर घुसकर समाज को तोड़ने का काम करते हैं। जब हमारे एक नेता हमारी पार्टी में थे, तो वह 1932 की मांग करते थे, स्थानीयता की बात करते थे लेकिन भगवा होते ही उनकी भाषा भी बदल गयी है।



## शहीद शेख भिखारी कॉलेज में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। चित्र कला प्रतियोगिता डॉ. अंजू शर्मा और श्रीमती सुनीता की देखरेख में हुई, जबकि निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम पदाधिकारी श्री प्रदीप सिंह की देखरेख में आयोजित की गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

## डोरंडा महाविद्यालय में प्रतियोगिता




रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इन प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, निबंध, भाषण आदि शामिल थे, जिनमें लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर कंचन मुंडा के देखरेख में हुआ, जबकि प्रोफेसर मार्शल पूर्ति और डॉ युगेश महतो ने सहयोग प्रदान किया। एनएसएस वॉलिंटियर्स आकाश, कंचन, संकल्प, ऋषभ, अल्ताफ, विनय, रौनक आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक चलेगा, जिसका समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर होगा।

**KARAMCHAND BHAGAT COLLEGE**
**Ranchi Road - Bero, Ranchi, Jharkhand**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two bid system are invited from the reputed firms for supply of Books in College Library. The interested firms will quote percentage of discount to be given on the Book price. The B.O.Q. may be obtained from the college office on working days from **28.09.2024** to **04.10.2024** between **11:30 A.M** to **2:30 P.M** after payment of Rs. 2500/- (non-refundable) in Cash / Demand Draft in favour of the **"Principal, KCB College, Bero"** payable at **Ranchi.**

Last date of submission of tender is **04.10.2024** till **4.00 P.M.** Tender will be opened the next day i.e. on **05.10.2024** at **1:00 P.M** in the Principal's Chamber. The undersigned reserves the right to accept or reject any of all tenders without assigning any reason. Details of all the other terms and conditions may be obtained from the Principal's chamber.

Date : 25.09.2024

**Sd/- Principal**
KCB College, Bero

## उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में जान गंवाने वालों के परिवार को मिलेगा चार-चार लाख रुपये मुआवजा

रांची (आजाद सिपाही)। उत्पाद सिपाही बहाली की शारीरिक परीक्षा के क्रम में तबीयत बिगड़ने के बाद जान गंवाने वाले अभ्यर्थी के परिवार को चार-चार लाख रुपये मुआवजा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने इस संबंध में पूर्व में घोषणा भी की थी। बता दें कि अगस्त में शुरू हुई सिपाही बहाली दौड़ के दौरान राज्य में कुल 17 युवकों की अब तक मौत हो चुकी है, वहीं कई बीमार होकर इलाजरत हैं। अभ्यर्थियों की लगातार मौत की घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया था और थोड़े समय के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्देश दिया था। बाद में निगरानी और सुविधाएं बढ़ाते हुए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गयी थी।

## नव प्रोन्नत 140 हवलदारों को एसएसपी और सिटी एसपी ने किया सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को नव प्रोन्नत 140 हवलदारों को बिल्ला लगा कर सम्मानित किया। रांची जिले में पदस्थापित 140 एसएलसी उत्तीर्ण आरक्षियों का डीआइजी अनूप बिरथरे के आदेश पर आरक्षी से हवलदार की कोटि में प्रोन्नति दी गयी। इसके बाद एसएसपी और सिटी एसपी ने रांची पुलिस लाइन में हवलदार को बिल्ला लगा कर सम्मानित किया। इसके लिए कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर मेजर, सार्जेंट मेजर और झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा रांची के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल रांची में, मारवाड़ी समाज करेगा भव्य स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। राइजिंग राजस्थान प्रवासी और इंडस्ट्रियल मीट के तत्वाधान मे 28 सितंबर को शाम 5:30 बजे से पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में राजस्थान प्रवासी और इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा होंगे। और कार्यक्रम को संबोधन करेंगे, कार्यक्रम को सफल बनाने तथा वृहत स्तर पर तैयारियां हेतु एक बैठक महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। बैठक में मारवाड़ी समाज के सभी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा। बैठक में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि अमित सिंघल, हिंगलाज दान रतनू, रोहित शर्मा, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, पूर्व सांसद अजय मारू, भागचंद पोद्दार, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, मनोज चौधरी, किशन साबू, चंडी प्रसाद डालमिया, रतनलाल बंका, सज्जन पाड़िया, रवि शर्मा, अशोक नारसरिया, अनिल अग्रवाल,मनोज बजाज, मुकेश काबरा,रमन वोडा, निर्मल बुधिया, नरेश बंका, संजय सर्राफ, सौरभ बजाज, विशाल पाड़िया, निकुंज पोद्दार,सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं सहित सभी वर्गों के लिए संकल्प लिये जायेंगे : बंधु तिर्की

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव संबंधी झारखंड कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के लिए प्रभावी कार्यक्रमों एवं नीतियों की घोषणा होगी, जिससे महिलाओं सहित सभी लोगों का आर्थिक-सामाजिक विकास और भी तेज गति से हो। गुरुवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष टीएस सिंहदेव के साथ श्री तिर्की ने मुलाकात की। इस दौरान श्री सिंहदेव ने श्री तिर्की को आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ-साथ मार्गदर्शन भी दिया और कहा कि समाज के सभी वर्गों तथा सभी समुदायों की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप पिछले पांच साल में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार ने लोगों की अपेक्षाओं पर सराहनीय काम किया है।

# हाइकोर्ट ने जेएसएससी और सरकार को चार्ट के माध्यम से कोटिवार विषयवार कट ऑफ मार्क्स देने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएसी) स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 की स्टेट मेरिट लिस्ट पर प्रार्थियों की आपत्ति पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट ने जेएसएससी और राज्य सरकार को चार्ट के माध्यम से ही राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के आधार पर कोटिवार और विषयवार कट ऑफ मार्क्स देने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने इनसे पूछा है कि कितने सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है और यह कब हुई है।

कोर्ट ने प्रार्थियों से भी अपने मार्क्स एवं कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में सूचित करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी। इससे पहले राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन( जेएसएसी) की ओर से बताया कि जेएसएससी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के 26 विषयों की स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दी गयी है। इस पर प्रार्थियों की ओर से कहा गया कि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स वालों का भी चयन हो गया है। सरकार को बताना चाहिए कि कितने लोगों की नियुक्ति हुई है और यह नियुक्ति कब हुई है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार, राकेश रंजन ने पैरवी की।

### जेएसएससी से 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के नामकुम स्थित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की चहारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अनुमंडल दंडाधिकारी सदर ने गुरुवार को बीएनएसएस की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की है। यह निषेधाज्ञा 2 अक्टूबर की रात दस बजे तक के लिए लागू रहेगी। निषेधाज्ञा के दौरान बिना सक्षम प्राधिकार की पुर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली और आमसभा का आयोजन करने, किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी गयी है।

## शहीद शेख भिखारी कॉलेज में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। चित्र कला प्रतियोगिता डॉ. अंजू शर्मा और श्रीमती सुनीता की देखरेख में हुई, जबकि निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम पदाधिकारी प्रदीप सिंह की देखरेख में आयोजित की गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और समाज में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है।

## यूनिक एकेडमी में डांडिया वर्कशॉप का आयोजन शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। नवरात्रि के अवसर पर यूनिक एकेडमी में 23 सितंबर से डांडिया वर्कशॉप शुरू हुआ। यह वर्कशॉप 1 घंटे का है, जिसमें डांडिया गरबा और बॉलीवुड गानों पर डांडिया के स्टेप्स सिखाये जा रहे हैं। महिलाओं और लड़कियों ने इस वर्कशॉप में भाग लिया और डांडिया के स्टेप्स और गरबा के स्टेप्स सीखकर डांडिया नाइट्स में भाग लेने के लिए तैयार हो रही हैं। वर्कशॉप में भाग लेने वालों ने बताया कि यह वर्कशॉप उन्हें एक्टिव और खुशनुमा महसूस करा रहा है और यह एक ऐसी जगह है जहां पुराने दोस्तों से मुलाकात करने और नये दोस्त बनाने का मौका मिलता है। वर्कशॉप की कोरियोग्राफी महेश सर कर रहे हैं और इसका आयोजन यूनिक एकेडमी की संचालिका प्रिया केसरी हर साल करती हैं। नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो रही है और शहर में जगह-जगह डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया है।

# बिल्डिंग और हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में क्यूओएस सुधार के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ट्राई आरओ कोलकाता ने आज होटल ग्रीन होराइजन, रांची में बिल्डिंग और हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में क्यू.ओ.एस सुधार के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का आयोजन आवास और भवन परिसरों में इनडोर वातावरण में अनुकूल डिजिटल संचार बुनियादी ढांचा प्रदान करने और सेवा की दूरसंचार गुणवत्ता बनाए रखने की पृष्ठभूमि में किया गया है। सेमिनार का उद्घाटन अशोक कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक (दूरसंचार), दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा किया गया है। अशोक कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। ट्राई के सलाहकार डॉ. एसके सामंता ने स्वागत भाषण दिया और उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथियों का परिचय दिया। अपूर्व मिंज, वीपी, आई.आई.ए, झारखंड चैप्टर और प्रोफेसर मंजरी चक्रवर्ती, आर्किटेक्चर विभाग, बीआईटी, मेसरा उद्घाटन सत्र के अन्य विशिष्ट अतिथि थे। अशोक कुमार, मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का मुख्य भाषण दिया। सत्र के प्रख्यात वक्ता प्रोफेसर मंजरी चक्रवर्ती, मनोज मिश्रा, निदेशक, इंडस टावर लिमिटेड और चक्रपाणि के, नोकिया लिमिटेड थे। सत्र का संचालन डॉ. एस.के. सामंता ने किया। दूसरे सत्र में इमारतों और आवास परिसरों में डीसीआई के प्रावधान के लिए रियल एस्टेट डेवलपर्स और आर.डब्ल्यू.ए की भूमिका पर चर्चा की गयी। सत्र का संचालन दिलीप कुमार, डीडीजी, दूरसंचार विभाग, बिहार एलएसए द्वारा किया गया। गजानंद राम, उपाध्यक्ष, वास्तुकला परिषद, नई दिल्ली, और मृणाल कांत, सीटीओ, एयरटेल, झारखंड, सत्र के वक्ता थे।



**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 24761, दिनांक 25.09.2024 मैं शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) उर्फ शालनी कुमारी (Shalni Kumari) उम्र करीब 20 वर्ष, पिता-रंजीत प्रसाद, निवास स्थान - अरका पोस्ट-काजी पकरी, थाना- तरहसी, जिला-पलामू, राज्य-झारखण्ड, शपथ के साथ निष्ठापूर्वक निम्नलिखित उद्घोषणा करती हूँ कि:- 1. यह कि मेरा वास्तविक नाम शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) है तथा मै शालनी कुमारी (Shalni Kumari) के भी नाम से जानी एवं पुकारी जाती हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) है जो कि मेरा मैट्रिक सहित अन्य प्रमाण पत्र में मेरा नाम दर्ज है जो कि सही है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या- 6703 5324 9863 में मेरा नाम गलती से शालनी कुमारी (Shalni Kumari) हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मैं यह शपथ पत्र का निष्पादन अपने गलत नाम शालनी कुमारी (Shalni Kumari) के स्थान पर अपना सही नाम शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) को दर्ज करवाने के उद्देश्य से यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हूँ।

**शपथ पत्र**

शपथ के अनुसार संख्या 149 दिनांक 24.09.2024, मै मो जिरवा पति आतो साव निवासी - ग्राम - चट्टी पेटो पो0- चट्टी पेटो, टंडवा, हजारीबाग, झारखंड 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि निम्नलिखित बातें मेरी जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है
यह कि मै भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त पते का निवासी हूँ | 2. यह कि मेरा सही नाम मो जिरवा है जो कि मेरे आधार कार्ड - 3198 5457 8860 मे दर्ज है जिसको सुधारा गया लेकिन गलती से मेरा नाम आधार कार्ड में जीरा देवी दर्ज हो गया जिसको फिर से सूधार कर मो जिरवा देवी करना है | 3. यह कि मो जिरवा एवं जीरा देवी दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि मैं स्वयं हूं |
4. यह कि मै यह शपथ पत्र नाम प्रमाण एवं सुधार के लिए निष्पादित कर रही हूँ | यह शपथ पत्र आज दिनांक 24.09.2024 ई0 को राँची में सम्पन्न होता है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 6588 Dated 25.09.2024 I. GHANSHYAM KUMAR MAHTO S/O Bhuvneshwar Mahto, aged about 30 year's R/O village - Narkandi, P.O. - Hurlung, P.S. - Gomia, Dist-Bokaro, (Jharkhand), Pin - 825312 do hereby solemnly affirm and declare as follow :-
1. That, my Nationality is Indian.2. That, my Aadhar Card Vide No. - 3448 3392 7132 and Pan Card vide No. - CUOPM0539E my name has been mentioned as GHANSHYAM KUMAR MAHTO but in Bank of India Branch Gomia Saving A/C No.- 481110110012580 my name has been mentioned as GHANSHYAM MaHTO.
3. That, GHANSHYAM KUMAR MAHTO and GHANSHYAM MAHTO both names are same and one person i.e. myself.
5. That, I want to correct or rectify my name in my above said Bank Account as GHANSHYAM KUMAR MAHTO in place of GHANSHYAM MAHTO. 5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6.That, the above contents of this affidavit are true and correct in my best of knowledge.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 6513 Dated 23.09.2024 I, VIKASH PRAJAPATI S/O Ram Prasad Prajapati, resident village- Gomia, Kumhar tola, P.O. & P.S.- Gomia, Dist-Bokaro, (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That, I am aged about 19 years, 2. That my Aadhar No. is 7194 9133 9771. 3. That, I am an account holder of Bank of India, Gomia Branch bearing Account No. 481110510005113. 4. That, my real and correct name is VIKASH PRAJAPATI which has been mentioned in my Aadhar Card but in my above said Bank Account of Bank of India, Gomia Branch my name has been mentioned as VIKASH KUMAR. 5. That, VIKASH PRAJAPATI and VIKASH KUMAR both represented as same and one identical person i.e. of myself. That, I am swearing this affidavit to rectify my name in my above said Bank account of Bank of India, Gomia Branch as VIKASH PRAJAPATI in place of VIKASH KUMAR and to produce it before the competent authority for needful purpose. 6. That, the contents made above are true and correct and nothing has been concealed and if any contents found false or incorrect then I am liable for the same.

# जज टिप्पणियों को लेकर गंभीर हों : सुप्रीम कोर्ट

कर्नाटक हाइकोर्ट के एक जज की ओर से हाल में एक सुनवाई के दौरान की गयी अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जो सख्त हिदायत दी, वह जूडिशरी के साथ ही शासन और समाज के अन्य हिस्सों पर भी लागू होती है। संबंधित जज की ओर से माफी मांग लिए जाने के बाद इस केस को ठीक ही बंद कर दिया गया, लेकिन चीफ जस्टिस की अगुआई वाली पांच सदस्यीय बेंच के इस दौरान दिये गये ऑब्जर्वेशन खास तौर पर गौर करने लायक हैं।

**टिप्पणी में पूर्वाग्रह :** यह मामला महत्वपूर्ण इसलिए भी है, क्योंकि हाइकोर्ट के जज की जो टिप्पणियां सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, उनमें दिखने वाला पूर्वाग्रह समाज के व्यापक दायरे में प्रचलित है। रोजमर्रा की जिंदगी में आम तौर पर लोग शहर के किसी खास हिस्से का पाकिस्तान या मिनी पाकिस्तान के रूप में जिक्र करते पाये जाते हैं। महिला विरोधी पूर्वाग्रह भी हमारे समाज की एक पुरानी और गहरी बीमारी है। ऐसे में जब हाइकोर्ट का जज किसी महिला वकील पर अशोभनीय टिप्पणी करता या शहर के किसी खास क्षेत्र को पाकिस्तान बताता दिखेगा, तो उसके दुष्प्रभावों की सहज ही कल्पना की जा सकती है।

**मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ का यह कहना भी अहम है कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान बताना हमारी क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख ने न केवल न्यायपालिका को बल्कि जिम्मेदार पदों पर बैठे सभी लोगों को यह संदेश दिया है कि उन्हें अपनी टिप्पणियों को लेकर गंभीर होना चाहिए।**

**तत्पर कार्रवाई :** निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए इस पर कार्रवाई शुरू करना शुभ संकेत है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ का यह कहना भी अहम है कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान बताना हमारी क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख ने न केवल न्यायपालिका को बल्कि जिम्मेदार पदों पर बैठे सभी लोगों को यह संदेश दिया है कि उन्हें अपनी टिप्पणियों को लेकर गंभीर होना चाहिए।

**पारदर्शिता जरूरी :** इस मामले का एक और अहम पहलू है पारदर्शिता। चूंकि यह मामला हाइकोर्ट में सुनवाई के दौरान आयी टिप्पणी के सोशल मीडिया पर वायरल होने का था और जज का कहना था कि उनकी टिप्पणी को संदर्भों से काट कर पेश किया गया है, इसलिए कुछ हलकों में यह बात भी होने लगी थी कि हाइकोर्ट की कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग बंद होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अस्पष्टता की कोई गुंजाइश न रखते हुए साफ कर दिया कि अगर पारदर्शिता से कोई समस्या आती है, तो उसका एकमात्र जवाब है और ज्यादा पारदर्शिता।

**सोशल मीडिया का दौर :** सुप्रीम कोर्ट के रुख से साफ है कि सोशल मीडिया आज के दौर की हकीकत है और इससे बचने का प्रयास करने के बजाय इसकी मौजूदगी को स्वीकार करते हुए बेहतर तैयारी के साथ इससे पेश आने की जरूरत है।

**अभिमत — आजाद सिपाही**

**प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किये गये। रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गयी। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गयी।**

# विकसित भारत हेतु पर्यटन: हमारे प्रथम अतुल्य भारतीय का विजन



**गजेंद्र सिंह शेखावत**



एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे, ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिये जाने की आवश्यकता है। पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केंद्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं, जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं, बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूं कि प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं।

एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए सरकार के प्रत्येक स्तर पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाये जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नये हवाई रूट और 150 हवाईअड्डे शुरू किये जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गयीं, जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

**पीएम मोदी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बना कर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।**

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बना कर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नये कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाये गये।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को देखो अपना देश हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाये। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किये जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गयी है।

पर्यटन में प्रधानमंत्री की निजी रुचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नये पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नये भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गयी है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरुआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये गये और अनेक उपाय किये गये। रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गयी। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गयी। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नये आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गयी। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़ कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गयी थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नये साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है - एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब सरकार के हर स्तर पर चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरुआत के प्रयास किए जा रहे हैं, जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है, ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जायेगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

ऐसा कोई भी दिन नहीं जाता जब माननीय प्रधानमंत्री हमें विकसित भारत के अपने विजन की याद न दिलायें। पर्यटन हमें उस महान विजन को पूरा करने के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है। इस विश्व पर्यटन दिवस पर, मैं इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने माननीय प्रधानमंत्री जी की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

**(लेखक : केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मथुरा।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिये जाने वाले प्रसादम को लेकर उठे विवाद के बीच मथुरा में बड़ा फैसला लिया गया है। वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने वृंदावन में आयोजित विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि तिरुपति बालाजी मंदिर की घटना के बाद देशभर के मंदिरों की प्रसाद व्यवस्था में बड़े बदलाव किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। गौड़ ने बताया कि धर्माचार्यों एवं धार्मिक संगठनों ने बाजार में बनने वाले प्रसाद के स्थान पर हिंदू आस्था के अनुसार प्रसाद चढ़ाने और ग्रहण करने की सनातनी व्यवस्था अपनाने का फैसला किया है।


# मुइज्जू की चीन परस्ती से नाराज भारतीय सैलानियों ने मालदीव से मोड़ा मुंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जब से मालदीव में चीन के पिछलग्गू कहे जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी है, तब से भारत के साथ द्वीप राष्ट्र के रिश्तों में खटास आ गयी है। कई मौकों पर मालदीव ने भारत का बहिष्कार किया है, जिससे भारत के साथ उसके रिश्ते बिगड़ से गये हैं। मालदीव के साथ संबंधों के खराब होने के बाद भारतीय सैलानियों ने मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है। मालदीव में भारतीय सैलानियों की कमी से पर्यटन उद्योग को झटका लगा है। मालदीव में पहले बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों की आमद होती थी, वह अब काफी गिर गयी है। आंकड़ों के मुताबिक 24 सितंबर 2024 तक सिर्फ 88,202 भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 1,46,057 थी। इस गिरावट के चलते मालदीव का पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ है, क्योंकि 57,855 भारतीय सैलानी कम आये। भारतीय सैलानियों की कमी के पीछे कई वजहें हैं। सबसे बड़ा कारण मालदीव के तीन उप-मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करना रहा है। इस घटना के बाद भारत में कुछ सामाजिक संगठनों और लोगों ने मालदीव के बहिष्कार का आह्वान किया।

# पीएम मोदी ने लांच किये 130 करोड़ में बने तीन स्वदेशी परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर लांच किये हैं, जो स्वदेशी तकनीक से निर्मित हैं। यह कदम राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सुपर कंप्यूटर की लागत 130 करोड़ रुपये आयी है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इन तीनों सुपरकंप्यूटरों को राष्ट्र को समर्पित किया। स्वदेशी रूप से विकसित किये गये इन सुपरकंप्यूटरों को कई वैज्ञानिक विषयों में अग्रणी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में तैनात किया गया है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है, जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा, विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं, तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने।

### 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन की शुरुआत

उन्होंने कहा, एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नयी प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आइटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमइ और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आयेंगे और नये अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, मिशन गगनयान की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और 2035 तक हमारे पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के पहले चरण को मंजूरी दी गयी है। मोदी ने कहा, अनुसंधान से आत्मनिर्भरता हमारा मिशन है। प्रधानमंत्री पहले पुणे से इन परियोजनाओं का उद्घाटन करने वाले थे, लेकिन महाराष्ट्र में भारी बारिश की वजह से उनका दौरा रद्द हो गया।

### क्या खूबियां, क्या करेगा काम

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किये गये हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) और अन्य खगोलीय घटनाओं का पता लगाने के लिए सुपरकंप्यूटर का इस्तेमाल किया जायेगा।

दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर (आइयूएसी) पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देगा, जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

### मौसम और जलवायु अनुसंधान में प्रगति

प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार जिस एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का उद्घाटन किया, जिसे 850 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार किया गया है। पीएमओ के अनुसार, यह परियोजना मौसम संबंधी अनुप्रयोगों के लिए भारत की कंप्यूटेशनल क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएमओ ने कहा कि दो प्रमुख स्थलों- पुणे में भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आइआइटीएम) और नोएडा में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूवार्नुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) में मौजूद इस एचपीसी प्रणाली में असाधारण कंप्यूटिंग शक्ति है।

**बिलकिस बानो केस**

# गुजरात सरकार की आलोचना वाली टिप्पणी हटाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बिलकिस बानो मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान राज्य के खिलाफ की गयी कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद्द कर दिया था। इस दौरान कोर्ट ने गुजरात सरकार को कड़ी फटकार भी लगायी थी और कई टिप्पणियां भी की थीं। अब सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में दोषियों की रिहाई से संबंधित आदेश में की गयी टिप्पणियों को हटाने से इनकार कर दिया। गुजरात सरकार ने याचिका दायर कर अदालत से कुछ टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया था। गुजरात सरकार ने विशेष रूप से अदालत की उस टिप्पणी पर आपत्ति जतायी थी, जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार ने दोषियों के साथ साठगांठ की है। राज्य सरकार ने तर्क दिया कि यह टिप्पणी याचिकाकर्ता के प्रति पक्षपाती थी।

हालांकि, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने इस याचिका से असहमति जतायी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने समीक्षा याचिका को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के आवेदन को भी खारिज कर दिया। पीठ ने कहा, समीक्षा याचिकाओं, चुनौती, दिये गये आदेश और उनके साथ संलग्न दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि या समीक्षा याचिकाओं में कोई दम नहीं है, जिसके कारण आदेश पर पुनर्विचार किया जाये। गुजरात सरकार ने याचिका में कहा था कि उच्चतम न्यायालय का आठ जनवरी का फैसला स्पष्ट तौर पर त्रुटिपूर्ण था, जिसमें राज्य सरकार को अधिकार हड़पने और विवेकाधिकार का दुरुपयोग करने का दोषी ठहराया गया था।

इस साल जनवरी में, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि उन 11 दोषियों को, जिन्हें गुजरात सरकार ने अच्छे व्यवहार के आधार पर रिहा किया था, उन्हें फिर से जेल भेजा जाये। शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार दोषियों की रिहाई के लिए सक्षम नहीं थी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि दोषियों को केवल उस राज्य द्वारा रिहा किया जा सकता है, जिसने उन्हें शुरू में सजा दी थी। इस मामले में वह राज्य महाराष्ट्र था। कोर्ट ने कहा, गुजरात सरकार द्वारा शक्ति का प्रयोग सत्ता के हड़पने और दुरुपयोग का उदाहरण है। कोर्ट ने मई 2022 में लिये गये पिछले फैसले की भी कड़ी आलोचना की, जिसमें दोषियों को गुजरात सरकार से जल्दी माफी की अपील करने की अनुमति दी गयी थी।

## आग से झुलस कर नाबालिग की मौत



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा पिपरी गांव निवासी सुखी राम की नाबालिग 18 वर्षीय पुत्री अनिता कुमारी की मौत आग से झुलस कर हो गयी। घटना गुरुवार सुबह भोर में करीब तीन बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह जब परिजन जगे, तो देखा की घर के पीछे वाले कमरा से धुआं निकल रहा है। जिसके बाद आनन-फानन में कमरा के दरवाजे को तोड़कर अंदर गये। आग से झुलसी अनिता घायल अवस्था में पड़ी हुयी थी। उसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए गढ़वा ले गये, जहां से बेहतर इलाज के लिए डाल्टेनगंज रेफर कर दिया गया। डाल्टेनगंज इलाज के दौरान घायल अनिता की मौत हो गयी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मृतिका के परिजनों ने उसकी मानसिक संतुलन खराब होने की बात बतायी है।

## रक्शी पंचायत की सभी बूथ कमेटियों का विस्तार

रंका (आजाद सिपाही)। रमकंडा प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी के द्वारा केंद्रीय समिति सदस्य सह रमकंडा प्रखंड बीस सूत्रि अध्यक्ष राजकिशोर यादव की उपस्थिति में प्रखंड के रक्शी पंचायत के सभी बुथ कमेटियों का विस्तार किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष सहित प्रभावशाली कार्यकर्ता और जनता उपस्थित थे।

# सर्पदंश से मृतकों के परिजनों को सौंपा गया चार-चार लाख का चेक

## प्रभावित परिवारों के घर पैदल पहुंचे मंत्री मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चिनियां प्रखंड के डोल पंचायत अंतर्गत चपकली गांव के नावानगर टोला में सर्प दंश से मृत तीन बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया। गुरूवार को मंत्री श्री ठाकुर चिनियां प्रखंड के अति दुर्गम सुदूरवर्ती नावानगर में पैदल चलकर मृतक बच्चों के परिजनों के घर पहुंचे। वहां मंत्री ने परिजनों का हाल-चाल लेते हुए उन्हें सांत्वना दी।

ज्ञात हो कि गत छह सितंबर को नावानगर निवासी बंधु कोरवा के पुत्र पन्ना लाल कोरवा, सूर्यदेव कोरवा की पुत्री बेबी कुमारी और श्रवण कोरवा का पुत्र रामलाल कोरवा की सर्पदंश से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने डीसी शेखर जमुआर को यथाशीघ्र परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान करने का निर्देश दिया था। डीसी ने त्वरित



कार्रवाई करते हुए 20 दिनों के अंदर पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि प्रदान कर दिया। परिजनों को सांत्वना देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह बहुत ही बड़ी दुखद घटना है। वे हमेशा पीड़ित परिवारों के साथ हैं। भविष्य में भी उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जायेगी। साथ ही पीड़ित परिवार को अन्य सरकारी योजनाओ का लाभ दिया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से रंका एसडीओ रूद्र प्रताप देव, चिनियां बीडीओ शिवपुजन तिवारी, सीओ सुनेश्वर यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, झामुमो चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, मुखिया पति टुनी साव, जिपस बनारसी सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झामुमो का मिलन समारोह आयोजित, सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झामुमो जिला कमेटी गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार की संध्या गढ़वा प्रखंड कार्यालय के समीप मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग एक हजार युवाओं ने झामुमो का दामन थामा। जबकि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आवास पर गढ़वा प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बाना और ईदगाह टोला के 200 से अधिक नवयुवकों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी में हर रोज काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। जिससे झामुमो की ताकत लगातार और भी बढ़ती जा रही है। झामुमो की इस बढ़ती ताकत से विपक्ष पूरी तरह से परेशान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, परेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राज्य में पर पेपर लीक होना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है : मुकेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा गढ़वा के द्वारा बंशीधर नगर में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत जेएसएससी JSSC (सीजीएल) भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मामले में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में फूंका गया।

मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति मुकेश चौबे ने कहा कि राज्य में परीक्षा पत्र लीक होना सरकार के मनसा पर सवाल खड़ा करती है। जनवरी में स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर लीक हुआ फिर 21 और 22 सितंबर को भी इस तरह का मामला आ रहा है कि कई जगह प्रश्न पत्र पहले से खुला हुआ मिला है, तो कई जगह बाहर में प्रश्न और उत्तर बताते हुए लोग देखे गये हैं, इतना ही नहीं 2019 सेंट्रल स्नातक स्तरीय परीक्षा का




पूरा सेट उठाकर इस परीक्षा में दे दिया गया है। अब सरकार नयी तरीके से पूरे सुनियोजित होकर इंटरनेट बंद करके और छात्रों के भविष्य के साथ खुलकर खेल रही है। इंटरनेट बंद है और इसके आड़ में पेपर लीक किया जा रहा है। अगर सरकार चेत कर इसमें यथाशीघ्र सुधार नहीं करती है, तो आने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री और मंत्री सहित पूरे सरकार को युवा उखाड़ कर फेंक देंगे।

वहीं शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने कहा कि हेमंत सोरेन के राज्य में पूरी तरह से शिक्षा व्यवस्था फेल है। मौके पर भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मंडल अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष शहरी सोनू सिंह, अनुसूचित जाती मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्षमण राम, बिशुनपुरा मंडल प्रभारी कृपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लालमोहन यादव, बिभूति चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रमना प्रभात कुमार, भाजयुमो कार्यकर्त्ता सुधीर प्रजापति आदि कई भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजद का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** हीरो एजेंसी के समीप पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को राजद पार्टी की विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गयी। उक्त सम्मेलन में बतौर मुख्य अथिति के रूप में राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरुद्दीन अंसारी, प्रदेश सचिव अभय पांडेय, गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज कुमार सिंह आदि मौजूद थे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जमीरुद्दीन अंसारी ने कहा कि जितना दर्द आपको है, उतना ही दर्द मुझे भी है। गढ़वा जिले में राजद की दो सीट है, उन्होंने कहा कि राजद के सभी कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चलिये। राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष गढ़वा



और भवनाथपुर विस चुनाव के लिए दो सीटों की मांग करेंगे और दोनों सीट जीता के हमलोग दिखायेंगे, साथ ही कहा कि अगर भवनाथपुर व गढ़वा सीट नहीं मिला, तो सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी एक साथ पार्टी से रिजाइन दे देंगे। प्रदेश सचिव अभय पांडे ने कहा कि झामुमो के लोग बोलते हैं कि यहां राजद कहां, राजद तो खत्म हो गयी है। उन्होंने आगामी 3 अक्तूबर को डाल्टनगंज में आ रहे राजद के वरीय नेताओं के बीच चलने के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने की अपील की। राजद प्रखंड अध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि गठबंधन में हमलोग का कोई इज्जत नहीं मिलता, यहां तक की मंच पर बैठने तक नही दिया जाता।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया, जो कि हर सितंबर माह की 25 तारीख को मनाया जाता है। इस अवसर पर जागरूकता रैली, रंगोली, पोस्टर प्रेजेंटेशन, भाषण गाना और फार्मा क्वीज का आयोजन किया गया। संकाय के अधिष्ठाता डॉ मनीष दुबे के मार्गदर्शन में संस्था के प्राध्यापक नेहा दुबे, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, महेश सिंह, आनंद गुप्ता, शशि भूषण, हिमांशु, अरुण और संपदा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस दौरान फार्मासिस्ट की समझ में भूमिका का वर्णन किया गया। और अंत में सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। फार्मेसी संकाय के सभी सदस्यों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

## खुथुवा मोड़ चौराहा पर हाइ मास्ट लाइट लगाने की मंत्री से मांग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के खुथुवा मोड़ मुख्य चौराहे पर सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व प्रत्याशी पंचायत समिति सदस्य चुतरू के अलीम हैदर अंसारी ने झारखण्ड सरकार के पेयजल स्वच्छता खेलकूद कला संस्कृति मंत्री मिथिलेश ठाकुर से हाई मास्ट लाईट लगाने की मांग की है। उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि खुथुवा मोड़ से चिनियां, रनपुरा, नगारी, दूधवल, अनहर, बाहूकुदर, बेलवादामर, जुन, मखातू,चुतरू, बरदरी, करी, बलिगढ़ आदि ग्रामीण क्षेत्र और अन्य गांवों को यह चौराहा जोड़ता है, जहां बारह बजे दिन हो या रात, हमेशा लोगों का आना जाना लगा रहता है। उन्होंने रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए झारखंड सरकार के मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर से खुथुवा मोड़ चौराहा पर तत्काल हाई मास्ट लाईट लगाने की मांग की है।17

## 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता के लिए गढ़वा के आठ खिलाड़ियों का चयन, तीन खिलाड़ी स्टैंड बाइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय टेबल टेनिस (एसजीएफआई) प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम में गढ़वा जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन होने पर टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से टेबल टेनिस खेल का रांची में ओपन ट्रायल शिविर का आयोजन 25 सितंबर को किया गया था, ओपन ट्रायल शिविर में जिले के 11 खिलाड़ी शामिल हुए थे। ओपन ट्रायल शिविर में गढ़वा जिला टेबल टेनिस के विद्यालय प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग हर्षित कुमार पांडेय, मयंक राज, सचिन कुमार (स्टेंड बाई) अंडर 17 बालिका वर्ग में अंजली



कुमारी, बालक वर्ग में अनिमेष कुमार पांडेय, नितीश कुमार मेहता, अभिजित यादव और रौशन कुमार पाल उज्जवल कुमार (स्टैंड बाई), अंडर 14 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी, रिद्धि सिंह (स्टैंड बाई) का चयन किया गया है। जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन और तीन खिलाड़ियों के स्टैंड बाई के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किये जाने पर संघ के पदाधिकारी सदस्य और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, विनोद कमलापुरी, नंदकुमार गुप्ता, सुशील केसरी, अशोक कुमार दुबे, सिस्टर रौशना, संजय सिंह, प्रिंस सोनी, मुजीबुद्दीन, अशोक, गुड्डू, सुशील, रामाशंकर, टेबल टेनिस के सभी खिलाड़ियों सहित सहित कई लोग शामिल थे।

## लगातार आठवीं बार अध्यक्ष बने सुनील कुमार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले में हर साल एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल और मूर्ति निर्माण कर स्थापित किया जाता है। गुरुवार को जय मां शेरावाली संघ भगलपुर के संयोजक दौलत सोनी संरक्षक संत कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लगातार आठवीं बार अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार का नाम मनोनीत किया गया और उपाध्यक्ष चंदन पासवान चंदन गुप्ता महिपाल कुमार धर्मेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष आनंद कुमार सचिव विशाल गुप्ता दीपक गुप्ता राहुल कुशवाहा और मुख्य पुजारी के रूप में पंकज विश्वकर्मा और उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी सोनू कुमार जबकि शनि कुमार उज्जवल कुमार अविनाश रेड्डी पंकज विश्व आदि को बनाया गया।

**JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.**
**MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.**
**(CIN – U855100JH2013SGC001276)**
**E-mail:jmhidpc2014@gmail.com**
**Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/**
**GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L**

**Bid Ref. No. JMC/NIT-24/Vehicles/18 Date: 24.09.2024**

**Hiring of Vehicle for Drugs and Medical Good Transportation.**

The **(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Bidder.
The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

| Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 27-09-2024 |
| Bid Submission Start Date | 09-10-2024 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 14-10-2024 03:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 15-10-2024 03:00 PM |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5900/- (Rupees Online payment Gateway) |
| Earnest Money Deposit | Rs 50,000/- (Rupees Online payment Gateway) |
| Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell | +91-8709368893 |
| Pre-bid meeting Date & Time | 01-10-2024 at 03:00 PM |

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.
JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.

**Managing Director.**
**JMHIDPCL.**

PR 337257 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(24-25).D

## भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में गढ़वा ज़िला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय सहित भाजपा नेतागण के साथ संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। उनके सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिन्ता सदैव कचोटती थी। उन्होंने कहा कि आडंबर और दिखावे की राजनीति करने वाले झूठ और बेईमान होते हैं जो आम जनता का भलाई कभी नहीं चाहते हैं वह सिर्फ अपना स्वार्थ के लिए और अपना जेब भरने के लिए ही कार्य करते हैं। उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडेय, संतोष दुबे, विनय चंद्रवंशी, विनोद जायसवाल, राजकुमार मद्धेशिया, मनीष गुप्ता रामाशीष तिवारी, उमेश कश्यप उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड अंतर्गत भागोडिह स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर महाशिव शक्ति क्लब का बैठक किया गया। जिसमें पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में विधवत पूजा पाठ करने, मंदिर परिसर को पूरी तरह साफ सफाई करने, मंदिर को रंग रोगन करने और महाप्रसाद वितरण करने, और रामलीला पाट कराने का निर्णय लिया गया। मौके अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, सचिव अनिल चौधरी, संरक्षक चुन्नु सिंह, अनिल सिंह, विनोद चौधरी, कुलदीप ठाकुर, शंकर चंद्रवंशी, भगवान यादव, अनिल यादव, सतेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## लखेया गांव में करंट की चपेट से बैल को छुड़ाने गये पशुपालक की भी मौत

### परिजनों में मचा कोहराम, मुआवजे की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के लखेया गांव में गुरुवार को बिजली करंट की चपेट में आने से पशुपालक तथा एक बैल की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहरा मच गया। परिजन के अनुसार लखेया गांव निवासी जीतन यादव बैल चराने के लिए करकोमा गांव में नदी किनारे गये था, जहां बांस के सहारे नंगा बिजली का तार लगाया हुआ था, जो जमीन पर नीचे गिरा



पड़ा था, विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बैल की मौत मौके पर हो गयी, अपने बैल को गिरा पड़ा देखकर पशुपालक जीतन यादव बैल के पास जाने लगे, उसी दौरान वे भी तार की चपेट में आ गये, जिससे घटना स्थल पर ही उनकी भी मौत हो गयी। घटना से गुस्साये लोगों ने घटनास्थल पर खूब हंगामा किया तथा मुआवजे की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मृतक के पुत्र रविंद्र यादव ने थाना में आवेदन देकर घटना की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## विधायक चंद्रवंशी ने दो सड़कों का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** स्थानीय भाजपा विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को दो महत्वपूर्ण सड़क योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ और पूजा करके किया। जिसमें मुखदेव हाई स्कूल चौक से तलशबरिया गांव तक 2.70 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत की जायेगी, जिसकी लागत 2 करोड़ 40 लाख रुपये है। दूसरी योजना के अंतर्गत तलशबरिया मोड़ से बुढ़ी खाड़ तक 3.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 37 लाख रुपये है।

शिलान्यास के बाद विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में अब तक



चहुंमुखी विकास हुआ है और यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनावों में सोच-समझकर मतदान करें, क्योंकि कई उम्मीदवार भेस बदलकर भ्रमित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और अगर उन्हें फिर से सेवा का मौका मिला, तो बाकी अधूरे कार्य भी पूरे कर लिये जायेंगे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, नगर पंचायत मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, और अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT (CO-OPERATIVE DIVISION)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI**

**Very Short e-tender Notice**

**Tender Reference No:-** ICDP/RANCHI/10/2024-25 **DATE:-** 19.09.2024

| SL No. | | Name of work | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | Interior Furnishing Work, Furniture Work, Supply and Installation of CCTV, UPS etc, For KUSUM Emporium, Ranchi | 71,86,000.00 | 10,000.00 | 71,900.00 | 12 Months |
| | (B) | Construction of storage Facility and Conference hall at Sidroll Factory, Namkum. | 2,85,41,500.00 | 10,000.00 | 2,85,800.00 | |
| | (C) | Renovation of boundary wall & Other Civil work | 88,08,500.00 | 10,000.00 | 88,100.00 | |
| 02. | | Date Of Publication on Website | 26.09.2024 AT 11:00 AM | | | |
| 03. | | Last Date & Time of Submission of bids | 05.10.2024 AT 05:00 PM | | | |
| 04. | | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hatia, Ranchi. 834003 | | | |
| 05. | | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 | | | |

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 26.09.2024 at 11:00 AM to 05.10.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 05.10.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 02:00 PM on 07.10.2024.
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website. website.

Sd/-
**State monitoring Officer**
**ICDP Cell, Ranchi**

PR.NO.337187 Co-opretive(24-25):D

# झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू ने नौ सीटों पर किया दावा, चार पर जिच कायम, तमाड़ विधानसभा से संभावित उम्मीदवार ठोंक रहे ताल

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** झारखड में विधानसभा चुनाव का आगाज जल्द होने वाला है। भाजपा गठबंधन एनडीए आजसू जेडीयू से मिलकर चुनाव मैदान में उतरेगी। आजसू पार्टी को डुमरी, पाकुड़, सिल्ली, रामगढ़, लोहरदगा, जुगसलाई, मांडू सिमरिया एवं गोमिया नौ सीटों पर भाजपा से लगभग सहमती बन गयी है। वहीं चंदनकियारी, डुंडी, तमाड़ एवं ईचागढ़ सीट के लिए जिच अभी भी कायम है। इसके लिए आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार




महतो फिर एक बार भाजपा आलाकमान से बातचीत करेंगे। इसमें से तीन सीटें सिल्ली, गोमिया एवं रामगढ़ में आजसू पार्टी के विधायक हैं। वहीं तमाड़ विधानसभा के लिए भाजपा के संभावित उम्मीदवारों में रीता देवी, देवी दयाल मुंडा व पूर्व विधायक राजा पीटर संभावित नाम हैं। वहीं आजसू पार्टी से संभावित उम्मीदवारों में राम दुर्लभ सिंह मुंडा, परमेश्वरी शांडिल, गुंजन, ईकिर मुंडा, सिंग राय टूटी, विजय सिंह मानकी हैं। जदयू ने भी दावा ठोका है। भाजपा गठबंधन से एक बार आजसू जीत हासिल की थी, लेकिन विधायक पाला बदलकर झामुमो में शामिल हो गये थे और विधायक बने। वहीं आजसू सुप्रीमो ने ईचागढ़ सीट के लिए हरेलाल महतो की घोषणा कर दी है। वहीं ईचागढ़ सीट पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह के भाजपा में शामिल होने से गणित बिगाड़ रहा है। वहीं तमाड़ सीट पर तमाड़ के पूर्व विधायक व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कहने पर खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में वोट मांगा था और बाबूलाल ने पीटर की पीठ थपथपायी थी। तमाड़ विधानसभा से अर्जुन मुंडा को लगभग 70 हजार वोट मिले थे। पीटर ने भी एनडीए फोल्डर से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा किया है। पीटर भाजपा आलाकमान के दिशा निर्देश के अनुसार भाजपा में शामिल होंगे। संभवतः 30 सितंबर को बाबूलाल मरांडी के समक्ष पाटी में शामिल होंगे। बता दें कि पीटर ने मुख्यमंत्री रहते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन को तमाड़ सीट से हराया था। इसके बाद झारखंड में सरकार गिर गयी थी। वहीं झारखंड में जदयू जीतन राम मांझी, चिराग पासवान एसीपी के पार्टी को एनडीए गठबंधन के तहत एक-एक सीट देने की संभावना है।

## भारी बारिश में भी भाजपा की परिवर्तन सभा में उमड़ा जनसैलाब

# आदिवासियों का भला सिर्फ भाजपा ही कर सकती है : चंपाई

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है : संजय सेठ

केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया संबोधित






आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाइस्कूल मैदान में परिवर्तन यात्रा को लेकर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राय, जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव आदि उपस्थित रहे। इस दौरान बारिश के बीच हजारों की तादाद में उत्साहित ग्रामीण परिवर्तन रैली में पहुंचे। विशाल रैली के शक्ल में पूर्व विधायक अरविंद सिंह लेट लतीफ अपने समर्थकों के साथ मंच पर पहुंचे। बारिश के दौरान छाता लगाकर एवं चेयर सर पर रखकर लोगों ने अतिथियों का संबोधन सुना। इस दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बड़ रहा है। विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा, महिलाओं को ठगा, राज्य सरकार यहां का बालू को बंबई में बेचवा रहा है। खनिज का लूट, जमीन लूट में मस्त हैं। सेना की जमीन लूट ली। पांच लाख नौकरियां देने, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा से मुकर रहा है, हेमंत सोरेन की सरकार। उन्होंने कहा कि वादा खिलाफी राज्य सरकार से झारखंड को बचाने के लिए परिवर्तन रैली में उमड़े जनसैलाब इसका उदाहरण है, कि लोग त्रस्त है, और परिवर्तन निश्चित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डबल इंजन सरकार ही भला कर सकता है। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ में कमल ही खिलेगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आदिवासियों का भला सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठियों के द्वारा आदिवासी जमीन छीना जा रहा है और भाजपा ही घुसपैठियों को खदेड़ सकता है। कहा कि देश का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ही कर सकते हैं। आने वाले चुनाव में भाजपा की सरकार बनना तय है और कोई इसे रोक नही सकता है। परिवर्तन का लहर पूरे झारखंड में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना भी मेरी ही देन है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने का बात था, मगर झारखंड सरकार वो भी नही किया। मौके पर अरविंद कुमार सिंह, विनोद राय, मधु गोराई, सारथी महतो, ठाकुरदास महतो, विश्वनाथ उरांव, अनिल सिन्हा, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घाटशिला के मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा के तहत जनसभा

# महत्वपूर्ण है महिलाओं का सम्मान : कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा के तहत जनसभा का आयोजन गुरुवार को हुआ। इस दौरान राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने जनसभा में मौजूद लोगों से एक बार फिर सूबे में हेमंत सोरेन की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ही हैं, जो झारखंड की मां-बेटियों को सम्मान देते हैं। वहीं, गांडेय की विधायक सह सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विलंब से जनसभा में पहुंचने पर क्षमा मांगते हुए कहा कि यह उनके मंईयां सम्मान यात्रा का चौथा दिन है। इस दौरान उनका अनुभव शानदार रहा है। बुधवार को उन्होंने मंत्री बेबी देवी के साथ जिउतिया व्रत कि पूजा-अर्चना कि एवं कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मंत्री बेबी देवी ने दिनभर उपवास रखा और गुरुवार को पारण कर पुनः यात्रा में निकल गयीं। कल्पना सोरेन ने कहा कि जिउतिया जैसे व्रत बताते हैं कि एक मां कैसे अपने बच्चे, पति और परिवार के लिए समर्पित रहती हैं। दुर्भाग्यवश राज्य में लंबे समय तक सत्ता में रही भाजपा ने कभी भी हमारी मां, बहनों व बेटियों के लिए कुछ नहीं किया। इसके उलट हेमंत सोरेन कि सरकार ने मां, बहन व बेटियों के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की। सरकार कि ओर से दी जा रही एक हजार रुपये कि राशि महत्वपूर्ण नहीं हैं, महत्वपूर्ण है महिलाओं का सम्मान। महिला विरोधी भाजपा को यह भी रास



नहीं आया और अपने गैंग के माध्यम से कोर्ट में पीआइएल दाखिल करा दिया, जिससे महिलाओं को उनका सम्मान मिलना बंद हो जाये। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास को अवरुद्ध कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड और झारखंड की जनता के 1.36 लाख करोड़ रुपये का भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रही है। उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगों से अपील की कि जब भी भाजपाई आपके गांव आये तो उनसे पूछिए कि 1.36 लाख करोड़ रुपये का भुगतान क्यों नहीं कर रहे हो। कहा कि घाटशिला व कोल्हान वीरों की भूमि हैं। यहां के वीरों ने बहादुरीपूर्वक अंग्रेजों को भगाने का काम किया था। यहां की जनता झुकना और समझौता करना नहीं जानती है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन केंद्र के समक्ष नहीं झुके, तो भला झारखंड की जनता कैसे झुकेगी। कल्पना सोरेन ने पूरे जोश से कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं, झारखंड रुकेगा नहीं। झारखंड की जनता जानती है कि झारखंड की जनता का भला हेमंत दादा ही कर सकते हैं। कल्पना ने जनसभा में मौजूद महिलाओं के बीच उत्साह का संचार करते हुए नारी शक्ति जिंदाबाद व मईयां सम्मान योजना जिंदाबाद के खूब नारे लगवाये।

### रामदास सोरेन को भैया कह कर कल्पना ने की प्रशंसा

विधायक सह सीएम कि पत्नी कल्पना सोरेन ने स्थानीय विधायक सह मंत्री रामदास सोरेन को भैया कहकर संबोधित किया तथा उनकी प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि सभी जानते है कि किन परिस्थितियों में रामदास भैया को मंत्री बनाया गया है। रामदास भैया से पार्टी को घाटशिला के साथ ही कोल्हान को लेकर काफी उम्मीद है।

### हेमंत सोरेन के सामने भाजपा होगी पस्त : रामदास सोरेन

जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है, जो भाजपा के गले नहीं उतर रही है। हेमंत बाबू को सत्ता से हटाने के लिए झारखंड में कई केंद्रीय मंत्री और दूसरे राज्यों के सीएम घूम रहे है, लेकिन भाजपा को कोई फायदा नहीं होगा। कहा की हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एकबार फिर महागठबंधन सरकार बननी तय है।

## योगी आदित्यनाथ की सभा में खिजरी से शामिल होंगे 20 हजार लोग: जैलेंद्र कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आगामी 30 सितंबर को इइएफ मैदान टाटीसिलवे में होनेवाली भाजपा की परिवर्तन सभा को सफल बनाने को लेकर गुरूवार को सिकिदिरी में भाजपा सिकिदिरी मंडल कार्यकताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया ने की। मुख्य अतिथि कार्यक्रम प्रभारी जैलेन्द्र कुमार थे। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 30 सितंबर को टाटीसिलवे में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य वक्ता है। इससे पूरे क्षेत्र में उत्सुकता का माहौल है। पूरे खिजरी विस से सभा में बीस हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। दो हजार से अधिक बाइक सवार रथ की आगवानी करेंगे। इसकी पूरी तैयारी की जा रही है। मौके पर सभा को सफल बनाने को लेकर कार्यकताओं के बीच दायित्वों का बंटवारा किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, भाजपा अजजा मोरचा जिलाध्यक्ष बुधराम बेदिया, भाजपा जिला वरीय उपाध्यक्ष मानकी राजेन्द्र शाही, अमरनाथ चौधरी, नंदलाल राम, मनमोहन भोगता, सुजीत कुमार, शिवधर रजवार, दिलीप मिर्धा, गौरीशंकर मुंडा आदि उपस्थित थे।

## मानकी जंगल के गड्ढे में मिला सीसीएल कर्मचारी का शव

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के मानकी सुभाष नगर पीसीसी पथ के किनारे एक पानी भरे गड्ढे में गुरुवार की शाम एक सीसीएल कामगार युवक का शव मिला। इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों के द्वारा खलारी पुलिस को दी गई। मृतक युवक की पहचान केडीएच परियोजना के वर्कशॉप में काम करने वाले 32 वर्षीय प्रेम कुमार सिंह के रूप में की गयी। मृतक पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी गांव का रहने वाला था और बचरा बसंत विहार कॉलोनी में सीसीएल क्वार्टर में रहता था। परिजनों के अनुसार पिछले 10 दिनों से प्रेम बचरा स्थित अपने क्वार्टर नहीं आया था। गुरुवार की सुबह-सुबह बचरा क्वार्टर पहुंचा था और कुछ देर रहने के बाद वापस चला गया था। मृतक की पत्नी और एक 5 वर्ष का बेटा है। जिस गड्ढे से प्रेम का शव मिला वह गहरा भी नहीं है।

## पिपरवार के बहेरा में हुई ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा में हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बिरेन्द्र उरांव और संचालन जाहिद अली ने किया। बैठक में ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बेरोजगारी व नशाखोरी जैसी गंभीर समस्या को दूर करने के लिए ट्रस्ट के द्वारा सकारात्मक पहल करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से वंचित लोगों की मदद कर योजना का लाभ दिलाने,बीमार एवं लाचार लोगों की मदद करने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने कहा कि पिछले कई वर्षों से ट्रस्ट



के द्वारा कई सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्य के लिए लोगो को सहयोग किया जा रहे हैं, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।ट्रस्ट के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित गांव का दौरा कर सर्वे भी किया गया,जिसमें गंभीर रूप से बीमार लोगों को इलाज में मदद करने के लिए सहयोग व सरकारी सहायाता प्रदान की गई।बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्ट का पुर्नगठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष जाहिद अली, उपाध्यक्ष बिरेन्द्र उंराव, सचिव मतिउल हक, उपसचिव मोहम्मद फहीम, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनवर, उप कोषाध्यक्ष निर्मल उरांव को बनाया गया।वही कई लोगो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक मे ट्रस्ट को मजबूत बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक मे जाहिद अली, बिरेंद्र उरांव, मतिउल हक, मोहम्मद फहीम, निर्मल उरांव, मोहम्मद मकसूद, संजु उरांव, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद वसीम, इंद्रदेव उरांव, बादशाह आलम, मोहम्मद आशिक, अब्दुल माजिद, अलताफ राजा, राजेश श्रीवास्तव, मोहम्मद शाहीद, मोहम्मद अख्तर सहित कई लोग मौजुद थे।

## गैस विक्रेता भगवान सिंह के घर से अपराधी ने लूटे डेढ़ लाख नकद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग गांव में गुरुवार की सुबह तीन बजे पांच अपराधियों ने हथियार के बल पर घर में लोगो को कब्जे में लेकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। पांच हथियारबंद अपराधियों ने भारत गैस विक्रेता भगवान सिंह के घर पर बाउंड्री के सहारे घर में घुसे और सभी को कब्जे में लेकर डेढ़ लाख रुपये नकद, सीसीटीवी का डीवीआर और चार मोबाइल फोन लूट लिया। पांचों अपराधी मास्क लगाए हुए थे जिनमें तीन अपराधी ऊपर चढ़कर बालकनी के माध्यम से कमरे में घुसे, जबकि दो नीचे खड़े रहे। घर में घुसते ही अपराधियों ने अलमीरा की चाभी और जेवर की मांग की। भगवान सिंह की पत्नी के हाथ बांध दिए गए और अपराधियों ने अलमीरा का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिया। साथ ही सीसीटीवी का डीवीआर और घर के चार मोबाइल फोन भी लूट ले गये। बाद में सभी मोबाइल फोन घर के बाउंड्री के पास पड़े हुए मिले। अपराधियों ने घटना के दौरान सभी का मुंह मास्क से ढक रखा था। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी गोविंद कुमार एव एसआई दीपक कुमार पुलिस जवानों के साथ घटना स्थल पर गए और जंगल तक छापेमारी कर अपराधी के धर पकड़ में लगे रहे। पुलिस घटना को लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है।

## रड़गांव पोस्ट ऑफिस में चोरी का प्रयास



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रडगांव- तमाड़ प्रखंड के रड़गांव पोस्ट ऑफिस में बीते रात एजबेंस्टर तोड़ कर चोर अंदर घुसकर सारा कागजात को तितर बितर कर दिया, मिली जानकारी के अनुसार कोई सामान चोरी नहीं हुआ, चोर पैसे के लालच में घुसे थे, मगर पैसा नहीं मिला। चोरी की खबर तमाड़ पुलिस को दिया गया पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल किया और थाना में सनहा दर्ज किया गया है, दो महीनों से रडगांव पंचायत में चोरी घटना ज्यादा हो रही, लगभग एक महीने पहले रडगांव पंचायत भवन से बैट्री भी चोरी हुई थी, मगर चोर को नहीं पकड़ाए, इससे ग्रामीणों में रोश है।

## भारी बारिश में सोमेश्वर दास का घर गिरा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के पुणडीदीरी गांव में मूसलाधार बारिश से घर गिरा गांव के सोमेश्वर दास, का घर गिर गया है। इनके रहने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा स्थल जांच किया।

## भारी बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुरे पांच परगना क्षेत्र में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर तीन से चार फीट पानी बह रहा है। कहीं-कहीं सड़कों पर जलजमाव होने से राहगीरों को चलने में दिक्कत हो रही है। बुंडू के टॉल में जलजमाव से आने जाने मे वाहनों को कठिनाइयों हों रही है। क्षेत्र में कई जगहों पर कच्चा मकान ढहने की खबर है। नली वगैरह भर गये है। कुआं तालाब लबालब पानी से भर गये है कुछ लोगों के बोरिंग में भी बरसाती पानी के घुसने की खबर है लोगो के घरों में भी पानी घुस गया है।

## बार एसोसिएशन चांडिल के चबूतरा निर्माण की आजसू नेता हरेलाल महतो ने रखी आधारशिला



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल परिसर में अनुमंडल बार एसोसिएशन, चांडिल के लिए नए चबूतरा का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए आधारशिला रखी गयी। गुरुवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो चबूतरा निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर हरेलाल महतो ने कहा कि बार एसोसिएशन के सदस्यों के आग्रह पर वे निजी स्तर से चबूतरा निर्माण कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिवक्ताओं को हर संभव सुविधा देने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर अध्यक्ष बद्री प्रशाद साहू, सचिव देवशीष कुंडू, कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो, उपाध्यक्ष अनिल प्रसाद साहू, संजय कुमार साहू आदि मौजूद थे।

## पिपरवार में सीसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आज होगा उद्घाटन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया की मेजबानी में आज से सीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जायेगा, जिसको लेकर स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने बताया कि आज सुबह पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद सीसीएल से आए हुए सभी क्षेत्रो के टीमों के बीच मैच खेला जायेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीम शामिल हो रही है। सभी मैच बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम एवं बचरा चार नंबर खेल मैदान में खेला जाएगा। वहीं प्रतियोगिता का समापन पांच अक्टूबर को किया जायेगा। समापन समारोह में सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# सभी बेटियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए: संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** बेटियों की सुरक्षा को लेकर बेदिया समाज ने सिकिदिरी में गुरुवार को एक विशेष पंचायत का आयोजन किया। जिसमें मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस पंचायत में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ और खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी शामिल हुए। पंचायत की पृष्ठभूमि में वर्ष 2023 की वह दर्दनाक घटना थी, जब बेदिया समाज की एक बेटी को मानव तसस्कर गिरोह ने दूसरे राज्य में बेच दिया था। जिसे बाद में समाज और भ्रष्टाचार मुक्ति संघ के दबाव के बाद पुलिस ने बरामद किया था। इसने जो अपने अनुभव बताये उसने पूरे समाज को झंकझोर दिया था। इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए स्थानीय पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बेटी के गायब होने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। कहा कि 'बेटियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए'। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि दोषियों को बख्शा ना जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। उन्होंने राज्य सरकार से भी अपील की कि झारखंड में बढ़ते बांग्लादेशी घुसपैठियों पर तत्काल रोक लगायें। क्योंकि वे आदिवासी बेटियों से विवाह कर हमारी संस्कृति और पहचान को खतरे में डाल रहे हैं। राज्य सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए। वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने भी बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। वहीं, बेदिया समाज के अगुआ सह भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बुधराम बेदिया ने कहा कि समाज एकजुट हैं। वहीं, समाज ने एक स्वर में कहा कि बेटियों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जायेंगें। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष जैलेंद्र महतो, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, एस्टी मोर्चा जिला अध्यक्ष बुधराम बेदिया, सुजीत, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहराई बेदिया, दिलीप मेहता आदि थे।

# गेतलसूद जलाशय में प्रस्तावित सोलर पावर प्लांट को अन्यंत्र स्थानांतरित कराने की मांग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद जलाशय मत्स्यजीवी संघर्ष समिति अनगड़ा-ओरमांझी का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ से मिला। उन्हें ज्ञापन सौंपकर स्थानीय मछुवारों के हित में गेतलसूद जलाशय में प्रस्तावित सोलर पावर प्लांट योजना को अन्यंत्र स्थानांतरित कराने की मांग की। बताया कि गेतलसूद जलाशय से करीब एक हजार मछुआरों का परिवार रोजगार से जुड़ा है। इनके जीविकोपार्जन का एकमात्र सहारा मछली का शिकारगाही है। जलाशय में सोलर पैनल पॉवर प्लांट लग जाने से हजारों मछुआरों के परिवारों का रोजगार छीन जायेगा। उनके समक्ष रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो जायेगी और वे सड़क पर आ जायेंगे। सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री से इस सोलर पावर प्लांट योजना को दूसरी जगह स्थानांतरित कराने की पहल करने का आग्रह किया। इस पर संजय सेठ ने भरोसा दिया कि वे किसी भी कीमत पर मछुवारों का रोजगार छीनने नहीं देंगे। कहा कि मैं गेतलसूद जलाशय के आश्रित मछुवा परिवारों के साथ खड़ा हूं। इनकी बातों को केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ रिझू नायक, सचिव भोला महतो, विमल नायक, सुजीत नायक, शिवप्रसाद नायक, रामू नायक, भुनेश्वर नायक, सावन, सोनू आदि मौजूद थे।

# जैलेंद्र कुमार ने दो तड़ित चालक देने की घोषणा की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने नगड़ू के ग्रामीणों के बीच दो तड़ित चालक देने की घोषणा की है। बुधवार को राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, अमरनाथ चौधरी सिकिदिरी के नगड़ू गांव निवासी मृतक सत्येंद्र महतो के परिजनों से मिले। सत्येंद्र की मौत पिछले दिनों ठनका की चपेट में आने से हो गई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव ठनका जोन बन गया है। ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद से गांव में तड़ित चालक लगाने की मांग की। वहीं, राज्यसभा सदस्य ने एक उच्च कोटि का तड़ित चालक लगाने का आश्वासन दिया। वहीं, उपस्थित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को तत्काल दो तड़ित चालक देने की घोषणा की। कहा कि शुक्रवार को ग्रामीणों को तड़ित चालक सौंप दी जाएगी। ग्रामीण श्रमदान कर गांव में दो जगहों पर इसे लगायेंगे। मौके पर जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, शिबू महतो, मनीष महतो, शंकर महतो, रामसाय मुंडा, बिगेश्वर महतो, अमृत महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

# नहीं हटेगा बाजार : विधायक राजेश कच्छप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बाजार में सदियों से लगते आ रहे बाजार को कुछ लोगों ने हटाने की कोशिश की। जिसे लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों एवं सब्जी विक्रेताओं ने बैठक की। जिसमें खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी उपस्थित हुए। विधायक ने कहा कि नामकुम बाजार यहां से नहीं हटेगा। यहां गरीब तबके के लोग सब्जी समेत तमाम वस्तु बेचने आते है। मौके पर मुखिया अनिता तिर्की, मीनू सिंह, अनु बेक आदि मौजूद थीं।

# विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** विधायक नवीन जायसवाल ने नगड़ी चेक पोस्ट चौक पर गुरुवार को सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नगड़ी चेक पोस्ट चौक से बांध टोली तक डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क के सतह नवीनीकरण योजना अंतर्गत किया जा रहा है। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सरकार को आम लोगों की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। सरकार केवल अपनी जेब भरने में लगी है। विधानसभा चुनाव में अबकी बार इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, चुडामणी महतो, महाबीर महतो, मुखिया प्रेम किस्पोट्टा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


## स्थानीय सूचना प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अर्जन निदेशालय)

### या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–792/भू0अ0 दिनांक–13/09/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–डुमरडीहा थाना–कोडरमा, थाना सं0–258, अंचल–कोडरमा, जिला–कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।
अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–डुमरडीहा थाना–कोडरमा, थाना सं0–258, अंचल–कोडरमा, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–5.0920 ए0 यानि 2.0607 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है......
......

ग्राम–डुमरडीहा थाना–कोडरमा थाना सं0–258 अंचल–कोडरमा जिला–कोडरमा (खण्ड I)

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2 | 323 | रैयती | टांड | 0.1050 | अनहच हजाम वो भैरो हजाम पेशरान करमन हजाम कौम– हजाम साकिन–देह | प्लॉट 323 अंश | रास्ता | प्लॉट 322 | प्लॉट 324 |
| 2 | 5 | 2378 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0060 | अनहच गोप वो नागो गोप पेशरान मंगर गोप कौम– गोवाला सा0–देह टोला–चिगलाबर बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 2378 अंश | प्लॉट 2377 | प्लॉट 2379 |
| 3 | 6 | 508 | रैयती | परती कदीम | 0.0690 | अनहछ गोप वल्द रामजी गोप वो बुधु गोप वल्द जेहल गोप कौम–गोवाला साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 4945 | रास्ता | प्लॉट 508 अंश |
| 4 | | 509 | रैयती | परती कदीम | 0.0710 | | प्लॉट 510 | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 509 अंश |
| 5 | | 2314 | रैयती | टांड | 0.1450 | | रास्ता | प्लॉट 2314 अंश | प्लॉट 2315 | प्लॉट 4919 |
| 6 | | 2704 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0010 | | प्लॉट 2704 अंश | रास्ता | प्लॉट 2705 | प्लॉट 2572 अंश |
| 7 | | 2705 | रैयती | बाडी | 0.0140 | | प्लॉट 2705 अंश | रास्ता | प्लॉट 2705 अंश | प्लॉट 2704 |
| 8 | 6 | 4377 | रैयती | टांड | 0.0060 | अनहछ गोप वल्द रामजी गोप वो बन्धु गोप वल्दे जेहल गोप कौम–गोवाला साकिन–देह। | प्लॉट 4377 अंश | रास्ता | प्लॉट 4376 | प्लॉट 4378 |
| 9 | | 4663 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0450 | | प्लॉट 4662 | प्लॉट 4669 | प्लॉट 4663 अंश | रास्ता |
| 10 | | 4669 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0240 | | प्लॉट 4663 | रास्ता | प्लॉट 4669 अंश | रास्ता |
| 11 | | 4676 | रैयती | बाद | 0.0600 | | प्लॉट 4679 | प्लॉट 5004 | रास्ता | प्लॉट 4676 अंश |
| 12 | | 4679 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0050 | | प्लॉट 4680 | प्लॉट 4676 | रास्ता | प्लॉट 4679 अंश |
| 13 | | 4680 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0040 | | प्लॉट 4681 | प्लॉट 4679 | रास्ता | प्लॉट 4680 अंश |
| 14 | | 4681 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0090 | | प्लॉट 4682 | प्लॉट 4680 | रास्ता | प्लॉट 4681 अंश |
| 15 | | 4682 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0200 | | प्लॉट 4683 | प्लॉट 4681 | रास्ता | प्लॉट 4682 अंश |
| 16 | | 4943 | रैयती | टांड | 0.0530 | | प्लॉट 535 | रास्ता | प्लॉट 4943 अंश | रास्ता |
| 17 | | 5005 | रैयती | परती कदीम | 0.0300 | | रास्ता | प्लॉट 5005 अंश | प्लॉट 5006 | प्लॉट 5004 |
| 18 | | 5070 | रैयती | टांड | 0.0120 | | रास्ता | प्लॉट 5070 अंश | प्लॉट 5090 | प्लॉट 5068 |
| 19 | 8 | 581 | रैयती | टांड | 0.1980 | मुसोमात अरती जौजे भीखो मियां वो मंगर मियां वल्द भुखल मियां कौम–जोलहा साकिन–देह। | प्लॉट 581 अंश | रास्ता | प्लॉट 579 | प्लॉट 582 |
| 20 | 10 | 345 | रैयती | परती कदीम | 0.0250 | अली मियां वो अमरली मियां पेशरान केवल मियां कौम–जोलाहा सा0–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 345 अंश | रास्ता | प्लॉट 335 | प्लॉट 346 |
| 21 | 11 | 324 | रैयती | टांड | 0.0280 | उत्तीम राणा वल्द भीखो राणा वो दवरी वल्द अलतो राणा कौम–बढ़ही सा0–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 324 अंश | रास्ता | प्लॉट 323 | प्लॉट 325 |
| 22 | | 416 | रैयती | टांड | 0.0020 | | रास्ता | प्लॉट 416 अंश | प्लॉट 418 | प्लॉट 415 |
| 23 | 12 | 71 | रैयती | परती कदीम | 0.0210 | उत्तीम गोप वल्द मेघो गोप वो चुरो गोप वल्द तीलक गोप कौम–गोवाला सा0–देह टोला–चिगलाबर बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 71 अंश | रास्ता | प्लॉट 72 | प्लॉट 68 |
| 24 | | 4804 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0110 | | रास्ता | प्लॉट 4804 अंश | प्लॉट 4794 | प्लॉट 4805 |
| 25 | 16 | 2367 | रैयती | टांड | 0.0430 | किशुना गोप वो लटु गोप वो केवल गोप पेशरान भीखो गोप कौम–गोवाला साकिन–देह टोला –चिगलाबर बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 2367 अंश | प्लॉट 2369 | प्लॉट 2366 |
| 26 | | 2379 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0130 | | रास्ता | प्लॉट 2379 अंश | प्लॉट 2378 | प्लॉट 2380 |
| 27 | | 2340 | रैयती | टांड | 0.0130 | | रास्ता | प्लॉट 2340 अंश | प्लॉट 2343 | प्लॉट 2335 |
| 28 | 18 | 4380 | रैयती | बाडी | 0.0050 | कुंजील गोप पेशरान सोनु गोप कौम–गोवाला सा0– देह टोला–चिगलाबर बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 4380 अंश | रास्ता | प्लॉट 4378 | प्लॉट 4381 |
| 29 | | 4625 | रैयती | परती कदीम | 0.0020 | | प्लॉट 4625 अंश | रास्ता | प्लॉट 4624 | प्लॉट 4628 |
| 30 | 21 | 2525 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0080 | खेदन गोप वो दुखन गोप पेशरान घोघल गोप कौम– गोवाल साकिन–देह टोला–चिगलाबर बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 2525 अंश | रास्ता | प्लॉट 2526 | प्लॉट 2524 |
| 31 | 22 | 353 | रैयती | परती कदीम | 0.0400 | गणपत गोप वल्द तिलक गोप कौम–गोवाला सा0–देह टोला–चिगलाबर। | रास्ता | प्लॉट 353 अंश | प्लॉट 352 | रास्ता |
| 32 | | 4376 | रैयती | टांड | 0.0050 | | प्लॉट 4376 अंश | रास्ता | प्लॉट 4375 | प्लॉट 4377 |
| 33 | | 4684 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0350 | | रास्ता | प्लॉट 4684 अंश | प्लॉट 4683 | प्लॉट 4730 |
| 34 | | 5006 | रैयती | परती कदीम | 0.0260 | | रास्ता | प्लाट 5006 अंश | प्लॉट 5019 | प्लॉट 5005 |
| 35 | | 5123 | रैयती | सींगा | 0.0340 | | रास्ता | प्लॉट 5123 अंश | प्लॉट 5124 | प्लॉट 5122 |
| 36 | 23 | 2384 | रैयती | टांड | 0.0090 | गेन्दो गोप वो तुलो गोप वो कोकील गोप पेशरान केवल गोप एक हिस्सा बहिस्सा | रास्ता | प्लॉट 2384 अंश | प्लॉट 2383 | प्लॉट 2385 |
| 37 | | 2385 | रैयती | टांड | 0.0090 | बराबर वो दुखन गोप वो करमन गोप पेशरान महरी गोप एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–गोवाला सा0– देह टोला–चिगलाबर। | रास्ता | प्लॉट 2385 अंश | प्लॉट 2384 | प्लॉट 2370 |
| 38 | 24 | 80 | रैयती | परती कदीम | 0.0310 | गेन्दो राणा वो गोपाल राणा पेशरान जौजे राणा वो मसोमात पन्नवा जौजे देयाल राणा चौतीस हिस्सा बहिस्सा बराबर वो भातु राणा वो मंगर राणा पेशरान गांगो राणा नौ हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हुलास राणा वो जेहल राणा वो बुधन राणा पेशरान पुरन राणा नौ हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–बडही सा–देह | प्लॉट 80 अंश | रास्ता | प्लॉट 81 | प्लॉट 79 |
| 39 | 24 | 325 | रैयती | टांड | 0.0090 | | प्लॉट 325 अंश | रास्ता | प्लॉट 324 | प्लॉट 326 |
| 40 | | 326 | रैयती | टांड | 0.0130 | | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 325 | प्लॉट 327 |
| 41 | | 414 | रैयती | टांड | 0.0060 | | रास्ता | प्लॉट 414 अंश | प्लॉट 415 | प्लॉट 413 |
| 42 | | 415 | रैयती | टांड | 0.0020 | | रास्ता | प्लॉट 415 अंश | प्लॉट 416 | प्लॉट 414 |
| 43 | | 588 | रैयती | टांड | 0.0120 | | प्लॉट 588 अंश | रास्ता | प्लॉट 587 | प्लॉट 589 |
| 44 | | 589 | रैयती | टांड | 0.0220 | | प्लॉट 589 अंश | रास्ता | प्लॉट 588 | प्लॉट 590 |
| 45 | | 590 | रैयती | टांड | 0.0050 | | प्लॉट 590 अंश | रास्ता | प्लॉट 589 | रास्ता |
| 46 | 25 | 2325 | रैयती | टांड | 0.0210 | गेन्दो राणा वल्द लटु राणा वो नेहाल राणा पोष पुत्र प्रभु राणा कौम–बडई साकिन–देह टोला–चिगलाबर | रास्ता | प्लॉट 2325 अंश | प्लॉट 2328 | प्लॉट 2324 |
| 47 | | 2328 | रैयती | टांड | 0.0310 | | रास्ता | प्लॉट 2328 अंश | प्लॉट 2329 | प्लॉट 2325 |
| 48 | | 2420 | रैयती | टांड | 0.0040 | | प्लॉट 2420 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 2419 |
| 49 | 29 | 332 | रैयती | टांड | 0.0010 | चितो मियां वल्द जोधो मियां एक हिस्सा वो चान्द मियां वल्द रघु मियां एक हिस्सा वो गनपत मियां वल्द बोधो मियां वो लुकन मियां वल्द बनु मियां एक हिस्सा वो लटु मियां वल्द गिरधारी मियां कौम–जोलहा साकिन–देह। | प्लॅट 332 अंश | रास्ता | प्लॉट 332 अंश | प्लॉट 333 |
| 50 | | 333 | रैयती | टांड | 0.0200 | | प्लॉट 333 अंश | रास्ता | प्लॉट 332 | प्लॉट 334 |
| 51 | | 334 | रैयती | टांड | 0.0280 | | प्लॉट 334 अंश | रास्ता | प्लॉट 333 | प्लॉट 335 |
| 52 | | 335 | रैयती | टांड | 0.0330 | | प्लॉट 335 अंश | रास्ता | प्लॉट 334 | प्लॉट 345 |
| 53 | 30 | 4674 | रैयती | टांड | 0.0310 | मुसामात चुनरी जौजे मानिक गोप कौम–गोवाला सा0–देह टोला–चिगलाबर। | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 4674 अंश | रास्ता |
| 54 | | 4683 | रैयती | सींगा | 0.0280 | | रास्ता | प्लॉट 4683 अंश | प्लॉट 4682 | प्लॉट 4684 |
| 55 | | 5020 | रैयती | बाद | 0.0470 | | रास्ता | प्लॉट 5020 अंश | प्लॉट 5021 | प्लॉट 5019 |
| 56 | | 5061 | रैयती | बाद | 0.0210 | | रास्ता | प्लॉट 5061 अंश | प्लॉट 5062 | प्लॉट 5021 |
| 57 | 31 | 5260 | रैयती | टांड | 0.0110 | चैनु गोप वल्द लालदेव गोप वो जैराम गोप वल्द खागो गोप कौम–गोवाला साकिन–खरखरो | रास्ता | प्लॉट 5260 अंश | प्लॉट 5265 | प्लॉट 5259 |
| 58 | | 5265 | रैयती | बाद | 0.0120 | | रास्ता | प्लॉट 5265 अंश | प्लॉट 5266 | प्लॉट 5260 |
| 59 | 36 | 527 | रैयती | परती कदीम | 0.0310 | जीतन गोप वल्द प्रभु गोप वो मुसोमात ललिया जौजे हेमन गोप कौम–गोवाला साकिन–देह टोला–चिगलाबर बहिस्सा बराबर | प्लॉट 526 | प्लॉट 528 | प्लॉट 527 अंश | रास्ता |
| 60 | | 2387 | रैयती | टांड | 0.0050 | | प्लॉट 2387 अंश | रास्ता | प्लॉट 2386 | प्लॉट 2388 |
| 61 | | 4389 | रैयती | टांड | 0.0080 | | प्लॉट 4389 अंश | रास्ता | प्लॉट 4388 | प्लॉट 4390 |
| 62 | 40 | 2324 | रैयती | टांड | 0.0460 | टुकन गोप वो खेमन गोप पेशरान गोविन्द गोप वो मसो0 रमनी जौजे मेघन गोप दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो मसो0 टुसीया जौजे जयराम गोप वो टिपन गोप वल्द झरी गोप एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–गोवाला साकिन–देह टोला–चिगलाबर। | रास्ता | प्लॉट 2324 अंश | प्लॉट 2325 | प्लॉट 2316 |
| 63 | | 2416 | रैयती | टांड | 0.0040 | | प्लॉट 2416 अंश | रास्ता | प्लॉट 2419 | प्लॉट 2415 |
| 64 | 42 | 346 | रैयती | परती कदीम | 0.0380 | टेको मियां वो चुरो मियां पेशरान भिखारी मियां कौम–जोलहा साकिन–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 346 अंश | रास्ता | प्लॉट 345 | प्लॉट 81 |
| 65 | 45 | 5098 | रैयती | टांड | 0.0070 | टेना गोप वल्द लालो गोप कौम–गोवाला साकिन–देह टोला–चिगलाबर। | रास्ता | प्लॉट 5098 अंश | प्लॉट 5099 | प्लॉट 5092 |
| 66 | 48 | 5259 | रैयती | टांड | 0.0250 | डीलो गोप वो बुधन गोप वो ...... गोप पेशरान नेहाल गोप दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो भातु पाण्डेय वल्द कारू पाण्डेय एक हिस्सा कौम–ब्रह्मण सा0–बेकोबार | रास्ता | प्लॉट 5259 अंश | प्लॉट 5260 | प्लॉट 5258 |
| 67 | 49 | 327 | रैयती | टांड | 0.0060 | डेमन राणा वल्द जैराम राणा एक हिस्सा वो भातु राणा वो बढन राणा पेशरान चुरो राणा एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हरी राणा वो मुरत राणा पेशरान लालदेव राणा एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हुलास राणा वो मोहन राणा वो बुधन राणा पेशरान पुरन राणा एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–बढही साकिन–देह। | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 326 | रास्ता |
| 68 | | 413 | रैयती | टांड | 0.0010 | | रास्ता | प्लॉट 413 अंश | प्लॉट 414 | प्लॉट 412 |
| 69 | | 587 | रैयती | टांड | 0.0300 | | प्लॉट 587 अंश | रास्ता | प्लॉट 586 | प्लॉट 588 |
| 70 | 51 | 320 | रैयती | टांड | 0.0400 | तालो गोप वो अमृत गोप वो डीलो गोप पेशरान झरी गोप अठारह हिस्सा बहिस्सा बराबर वो लिलो गोप आठ हिस्सा वो लालदेव गोप छः हिस्सा वो मानदेव गोप चार हिस्सा पेशरान नेमचन्द गोप वो चमन गोप वल्द गेन्दो गोप नौ हिस्सा वो भीखन गोप वल्द मोहर गोप चौदह हिस्सा वो खेमन गोप वो देयाल गोप पेशरान समोध गोप तेरह हिस्सा बहिस्सा बराबर वो झमन गोप वो पुनीत गोप पेशरान खागो गोप वो मसोमात चमनी जौजे सेवा गोप चौदह हिस्सा बहिस्सा बराबर कोम–गोवाला सा0–देह टोला चिगलाबर। | प्लॉट 320 अंश | रास्ता | प्लॉट 299 | प्लॉट 321 |
| 71 | | 321 | रैयती | टांड | 0.0270 | | प्लॉट 321 अंश | रास्ता | प्लॉट 320 | प्लॉट 322 |
| 72 | | 322 | रैयती | टांड | 0.0260 | | प्लॉट 322 अंश | रास्ता | प्लॉट 321 | प्लॉट 323 |
| 73 | | 2354 | रैयती | टांड | 0.0070 | | रास्ता | प्लॉट 2354 अंश | प्लॉट 2355 | प्लॉट 2349 |
| 74 | | 2355 | रैयती | टांड | 0.0070 | | रास्ता | प्लॉट 2355 अंश | प्लॉट 2363 | प्लॉट 2354 |
| 75 | | 4730 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0120 | | रास्ता | प्लॉट 4730 अंश | प्लॉट 4684 | प्लॉट 4731 |
| 76 | | 4731 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0120 | | रास्ता | प्लॉट 4731 अंश | प्लॉट 4730 | प्लॉट 4738 |
| 77 | | 4738 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0070 | | रास्ता | प्लॉट 4738 अंश | प्लॉट 4731 | प्लॉट 4739 |
| 78 | | 4739 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0110 | | रास्ता | प्लॉट 4739 अंश | प्लॉट 4738 | प्लॉट 4740 |
| 79 | | 4740 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0090 | | रास्ता | प्लॉट 4740 अंश | प्लॉट 4739 | प्लॉट 4746 |
| 80 | | 4745 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0050 | | रास्ता | प्लॉट 4745 अंश | प्लॉट 4746 | प्लॉट 4747 |
| 81 | | 4746 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0060 | | रास्ता | प्लॉट 4746 अंश | प्लॉट 4740 | प्लॉट 4745 |
| 82 | | 4813 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0120 | | रास्ता | प्लॉट 4813 अंश | प्लॉट 4806 | प्लॉट 4814 |
| 83 | | 4814 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0040 | | रास्ता | प्लॉट 4814 अंश | प्लॉट 4813 | प्लॉट 4815 |
| 84 | | 4815 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0080 | | रास्ता | प्लॉट 4815 अंश | प्लॉट 4814 | प्लॉट 4819 |
| 85 | | 4819 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0060 | | रास्ता | प्लॉट 4819 अंश | प्लॉट 4815 | प्लॉट 4820 |
| 86 | | 4820 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0120 | | रास्ता | प्लॉट 4820 अंश | प्लॉट 4819 | प्लॉट 4822 |
| 87 | | 4822 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0160 | | रास्ता | प्लॉट 4822 अंश | प्लॉट 4820 | प्लॉट 4823 |
| 88 | | 4823 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0150 | | रास्ता | प्लॉट 4823 अंश | प्लॉट 4822 | प्लॉट 2377 |
| 89 | 53 | 76 | रैयती | परती कदीम | 0.0720 | मसो0 तेजनी दोखतर खेदु गोप कौम–गोवाला साकिन–देह टोला–चिगलाबर। | प्लॉट 76 अंश | रास्ता | प्लॉट 77 | प्लॉट 72 |
| 90 | | 520 | रैयती | परती कदीम | 0.0030 | | प्लॉट 519 | प्लॉट 523 | प्लॉट 520 अंश | प्लॉट 519 |
| 91 | | 532 | रैयती | परती कदीम | 0.0130 | | प्लॉट 528 | प्लॉट 533 | प्लॉट 532 अंश | रास्ता |
| 92 | | 4381 | रैयती | टांड | 0.0050 | | प्लॉट 4381 अंश | रास्ता | प्लॉट 4380 | प्लॉट 4382 |
| 93 | | 4930 | रैयती | टांड | 0.0210 | | प्लॉट 4929 | प्लॉट 4921 | रास्ता | प्लॉट 4930 |
| 94 | | 5090 | रैयती | टांड | 0.0050 | | रास्ता | प्लॉट 5090अंश | प्लॉट 5091 | प्लॉट 5070 |
| 95 | | 5246 | रैयती | टांड | 0.0010 | | रास्ता | प्लॉट 5246 अंश | प्लॉट 5247 | प्लॉट 5242 |
| 96 | 55 | 526 | रैयती | परती कदीम | 0.0510 | दुला गोप वो कारू गोप वो पुनीत गोप वो दालो गोप पेशरान चेतु गोप दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो ठकुरी गोप वल्द बालकी गोप एक हिस्सा कौम–गोवाला साकिन–देह टोला–चिगलाबर। | प्लॉट 525 | प्लॉट 527 | प्लॉट 526 अंश | रास्ता |
| 97 | | 2386 | रैयती | टांड | 0.0230 | | प्लॉट 2386 अंश | रास्ता | प्लॉट 2405 | प्लॉट 2387 |
| 98 | | 4391 | रैयती | टांड | 0.0100 | | प्लॉट 4391 अंश | रास्ता | प्लॉट 4390 | प्लॉट 4395 |
| 99 | | 4415 | रैयती | बाडी | 0.0070 | | प्लॉट 4415 अंश | रास्ता | प्लॉट 4413 | प्लॉट 4416 |
| 100 | | 5122 | रैयती | बाद | 0.0220 | | रास्ता | प्लॉट 5122 अंश | प्लॉट 5123 | प्लॉट 5114 |
| 101 | 57 | 351 | रैयती | परती कदीम | 0.0100 | दौलत गोप वो भातु गोप वो अकल गोप वल्द मटुक गोप कौम–गोवाल सा0–देह टोला–चिगलाबर बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 351 अंश | प्लॉट 350 | प्लॉट 352 |
| 102 | | 2406 | रैयती | टांड | 0.0020 | | प्लॉट 2406 अंश | रास्ता | प्लॉट 2407 | प्लॉट 2405 |
| 103 | | 4758 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0060 | | रास्ता | प्लॉट 4758 अंश | प्लॉट 4757 | प्लॉट 4759 |
| 104 | | 4759 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0070 | | रास्ता | प्लॉट 4759 अंश | प्लॉट 4758 | प्लॉट 4762 |
| 105 | 58 | 4757 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0100 | धनी गोप वल्द सोधन गोप कौम–गोवाला साकिन–देह टोला–चिगलाबर। | रास्ता | प्लॉट 4757 अंश | प्लॉट 4747 | प्लॉट 4758 |
| 106 | 59 | 79 | रैयती | परती कदीम | 0.0170 | धनी मियां वल्द वजीर मियां वो बक्सु मियां वो कासीम अली वो हुसैनी मियां वो बाबर मियां वो जेहल मियां पेशरान केवल मियां कौम–जोलहा साकिन–देह बहिस्सा बराबर | प्लॉट 79 अंश | रास्ता | प्लॉट 80 | प्लॉट 79 अंश |
| 107 | 63 | 4384 | रैयती | टांड | 0.0030 | नबी मियां वो आरी मियां पेशरान मामुन मियां कौम–जोलहा सा0–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 4384 अंश | रास्ता | प्लॉट 4382 | प्लॉट 4385 |
| 108 | | 4624 | रैयती | परती कदीम | 0.0040 | | प्लॉट 4624 अंश | रास्ता | प्लॉट 4618 | प्लॉट 4625 |
| 109 | | 5062 | रैयती | बाद | 0.0100 | | रास्ता | प्लॉट 5062 अंश | प्लॉट 5063 | प्लॉट 5061 |
| 110 | 66 | 2343 | रैयती | टांड | 0.0040 | नान्दो गोप वो पिरीतम गोप वो मनी गोप वो रीतु गोप पेशरान बुधु गोप तीन हिस्सा बहिस्सा बराबर वो मुसोमात गोमिया जौजे जीवन गोप तीन हिस्सा वो बेदू गोप वो तुलसी गोप पेशरान तेजो गोप तीन हिस्सा बहिस्सा बराबर वो धनी गोप वो वल्द सोधन गोप एक हिस्सा वो खेदन गोप वो दुखन गोप पेशरान धोधरी गोप एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–गोवाला साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 2343 अंश | प्लॉट 2344 | प्लॉट 2340 |
| 111 | | 2344 | रैयती | टांड | 0.0010 | | रास्ता | प्लॉट 2344 अंश | प्लॉट 2345 | प्लॉट 2343 |
| 112 | | 2363 | रैयती | टांड | 0.0150 | | रास्ता | प्लॉट 2363 अंश | प्लॉट 2364 | प्लॉट 2355 |
| 113 | | 2364 | रैयती | टांड | 0.0040 | | रास्ता | प्लॉट 2364 अंश | प्लॉट 2365 | प्लॉट 2363 |
| 114 | | 2365 | रैयती | टांड | 0.0080 | | रास्ता | प्लॉट 2365 अंश | प्लॉट 2366 | प्लॉट 2364 |
| 115 | | 2380 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0100 | | रास्ता | प्लॉट 2380 अंश | प्लॉट 2379 | प्लॉट 2381 |
| 116 | | 2381 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0080 | | रास्ता | प्लॉट 2381 अंश | प्लॉट 2380 | प्लॉट 2382 |
| 117 | | 2382 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0060 | | रास्ता | प्लॉट 2382 अंश | प्लॉट 2381 | प्लॉट 2383 |
| 118 | | 2383 | रैयती | टांड | 0.0180 | | रास्ता | प्लॉट 2383 अंश | प्लॉट 2382 | प्लॉट 2384 |
| 119 | | 2560 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0010 | | प्लॉट 2560 अंश | रास्ता | प्लॉट 2561 | प्लॉट 2559 |
| 120 | | 2561 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0020 | | प्लॉट 2561 अंश | रास्ता | प्लॉट 2562 | प्लॉट 2560 |
| 121 | | 2562 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0010 | | प्लॉट 2562 अंश | रास्ता | प्लॉट 2563 | प्लॉट 2561 |
| 122 | | 4771 | रैयती | चिरा–भीठा | 0.0090 | | रास्ता | प्लॉट 4771 अंश | प्लॉट 4762 | प्लॉट 4772 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR 337112 Land Reforms(24-25)D

## पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गयी 5वीं पुण्यतिथि, ददई दुबे ने दी श्रद्धांजलि



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व. दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इसमें पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, मनिका सीओ संतोष शुक्ला, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह ने पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पहले स्व दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगों के साथ साझा किया। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दीक्षित, मुखिया अशोक सिंह, पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, जेई विभूति भूषण, सुधीर दुबे, अशोक दुबे, सोनू दुबे, शंकर केशरी, राजेंद्र केसरी, अजय राम चंद्रवंशी, शंकर केशरी, रमेश चौबे, भाजपा नेता मनीष कुमार और कन्हाई चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर 29 को शांति समिति की बैठक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर 29 सितंबर को शांति समिति की बैठक होगी। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शांति समिति के सभी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के पदाधिकारी, सदस्यों को समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर चर्चा की जाएगी।

## नगर के लुटेरों पर हो कड़ी कार्रवाई : अरविंद



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत चुनाव के बाद से ही छतरपुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार ने पांव पसार लिया है। नगर विकास विभाग और झारखण्ड सरकार योजनाओं की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने कही। उन्होंने छतरपुर के एसडीओ और स्थानीय पत्रकारों का आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज लगातार बुलंद की गई। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के बाद डीसी और नगर विकास विभाग ने संज्ञान ले कर योजनाओं की जांच छतरपुर एसडीओ से करवाई है जिसमें भारी अनियमिता बरते जाने की पुष्टि हुई है। पलामू डीसी को इस बावत जांच रिपोर्ट भी एसडीओ ने प्रेषित किया है। जिसमें कार्यपालक अधिकारी, जेई और संबद्ध संवेदक पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात शामिल है। अरविंद ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार 2005 अधिनियम के तहत नगर पंचायत से 14 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी, जिसमें बताया गया था कि माह जनवरी वर्ष 2023 तक नगर पंचायत छतरपुर के विकास मद में लगभग पौने एक अरब रुपये (730000000) की राशि खर्च हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पौने एक अरब विकास योजनाओं के लिए और लगभग उतना ही एक अरब रुपये पीएम आवास के लिए नगर पंचायत छ्तरपुर को विभाग से मिला है। पर विकास के लिए मिली धन राशि की संवेदकों और नगर के अधिकारियों की मिलीभगत से बंदरबांट कर ली गयी, जिसकी एसआईटी गठित कर उच्चस्तरीय जांच जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब एसडीओ ने भ्रष्टाचार की पुष्टि कर दी है तो तत्काल प्रभाव से नगर के कार्यपालक अधिकारी सिटी मैनेजर और जेई को बर्खास्त कर देना चाहिए। अरविंद ने बताया कि अगर वे सूचना के अधिकार 2005 अधिनियम के तहत द्वितीय अपील में एसडीओ सह अपीलीय अधिकारी छतरपुर के यहां अपील नहीं करते तो नगर पंचायत के काले कारनामें सामने नहीं आ पाते। कहा कि नगर पंचायत को यह भी बताना चाहिए की उसने 48 लाख की डस्टबिन कहां, कब और कैसे लगाए हैं।

### नौगाढ़ा में खुला सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीच्यूट, पूर्व मंत्री ने किया उद्‌गाटन

# तकनीकी शिक्षा से ही खुलेंगें विकास के सभी द्वार: ददई दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नौगाढ़ा में गुरुवार को सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट का शुभारंभ हुआ. जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता इंस्टीच्यूट के निदेशक नितेश पाठक ने किया। इस अवसर पर ददई दुबे ने कहा कि अब जमाना तकनीकी शिक्षा का है। तकनीकी शिक्षा से ही विकास के सभी द्वार खुलेंगें। इसलिए सभी लोग अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की ओर ही अग्रसर करें, ताकि शिक्षा पूर्ण होते ही उन्हें नौकरी मिल सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इंस्टीच्यूट खोलने पर संस्थान संचालक को बधाई देते हुए कहा कि आपका यह साहस भरा फैसल क्षेत्र के बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं, इंस्टीच्यूट के निदेशक नितेश पाठक ने बताया कि इस शैक्षणिक संस्थान में एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई होगी। यहां पहले से 100 बेड का अस्पताल संचालित किया जा रहा है। छात्रावास की भी व्यवस्था है। इसके अलावा इंस्टीच्यूट में सभी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने घोषणा किया कि स्थानीय छात्र-छात्राओं को आधे शुल्क पर पढ़ाया जायेगा। पढ़ाई पूरी होने के बाद हम उन्हें नौकरी भी उपलब्ध कराएंगे। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दीक्षित, उटारी रोड प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पांडू प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, विष्णु कांत पाठक, सूरजमल राम, लगन पाठक, अरविंद पांडेय, सेवानिवृत रेल चालक अशोक तिवारी, पूर्व मुखिया प्रमोदा सिंह देवी आदि थे।



सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीच्यूट का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री ददई दुबे।

## युवाओं के बीच नैतिक मूल्यों का विकास बेहद जरूरी: शीला श्रीवास्तव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के मोटीवेशनल अभियान का पहला सत्र ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल से शुरू हुआ। नैतिकता के अभाव में बच्चे अच्छे इंसान नहीं बन पाते। इसलिए बहुत जरूरी है कि उनके बीच नैतिक मूल्यों का विकास हो। आज जो बच्चे हैं वहीं कल युवा होंगे। उन्हें ही देश सम्हालना होगा। मिशन समृद्धि संस्था अपने आरंभिक काल से ही बच्चों को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक बनाने की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है। जिसका उदाहरण है समृद्धि की पाठशाला जहां वंचित समुदाय के बच्चों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाता है। आज सभी वर्गों के बच्चों को जरूरत है नैतिक शिक्षा की, नैतिकता के अभाव में युवा पीढ़ी जो आज भटक रहें हैं उन्हें सही रास्ते पर लाना हमारा कर्तव्य है। मिशन समृद्धि संस्था महसूस करती है कि सभी स्कूलों के बच्चों को मोटीवेट करना आवश्यक है। इसी क्रम में सबसे पहले पांकी रोड में अवस्थित ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में मोटीवेशनल अभियान शुरू किया गया। वहाँ की व्यवस्था बहुत अच्छी थी। बच्चे अनुशासित थे। जिसका श्रेय विद्यालय प्रबंधन को जाता है। प्रिंसीपल सोनी कुमारी, वाइस प्रिंसीपल सुनील कुमार, सुप्रिया सुनील, शुभम, राहुल आदि का धन्यवाद, जिन्होंने बहुत ही कम समय में अच्छी व्यवस्था कर दी जिस वजह से बच्चों के साथ बातें बहुत अच्छे ढंग से हो सकी। उन्हें मोटीवेट करना आसान हुआ। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि 'पद से बड़ा इंसान' होता है। इस बिंदु पर ही बातें शुरू की और इस वाक्या में नैतिकता का समावेश किस प्रकार से होता है विस्तार पूर्वक अपनी बातें रखी। बलात्कार और नशा जैसे पतन कारी मुद्दे पर भी विस्तृत जानकारी दी। बच्चों को शिक्षित कर रहे नागेन्द्र ने भी बच्चों को नैतिक मूल्यों को समझाया। संस्था की सदस्य बैजंती गुप्ता और आशा शर्मा भी उपस्थित थी। बैजन्ती गुप्ता ने समृद्धि की पाठशाला का सिद्धांत जो पूर्णतः नैतिकता पर आधारित है बच्चों को शपथ के रूप में दिलवाया। यह शपथ बच्चों को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। मिशन समृद्धि संस्था का मोटीवेशनल अभियान जारी रहेगा। पुनः ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल का आभार जिनका सहयोग सम्मान के साथ मिला।

## 20-20 वर्षों से पूर्व व वर्तमान विधायकों ने अपना एवं अपने परिवार का ही विकास किया : ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद जन संपर्क अभियान तेज करते हुए चेचरिया, बरमोरिया, बसना, भंडार, रजहरा, कोठी, चेचेन्या सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों ने 20-20 वर्षों तक राज किया और दोनों ने केवल अपना और अपने परिवार का विकास किया. वहीं, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का विनाश किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि विश्रामपुर विधानसभा में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। ना ही एक भी लाईब्रेरी है और ना ही एक भी खेल का स्टेडियम है। एक आईटीआई कॉलेज भी आया था पर उसे भी वर्तमान विधायक अपने कैंपस में खोल दिये। विश्रामपुर विधानसभा में मेडिकल कॉलेज भी आया था उसे भी वर्तमान विधायक ने अपने कैंपस में खुलवा दिये। जिससे की हमारे विधानसभा के होनहार छात्र -छात्राओं का भविष्य अंधकार में चला गया है। इस बार विश्रामपुर की जनता मन बना चुकी है कि दोनों को नकार कर ओबीसी के लोगों को विधानसभा में भेजना है। एसटी, एससी और ओबीसी की संवैधानिक अधिकार सरकार से लेकर क्षेत्रों में लाने का काम करूंगा। हमारे मंच में पिछले कई दिनों से भाजपा, कांग्रेस और बहुजन पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता इस मंच की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। इस मौके पर सुरेंद्र भारती, रामराज राम, हिमालय कुमार आदि मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आनंद मोटर में महिंद्रा वीरो लॉन्च कीमत 7.99 लाख रुपये से शुरू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा के डीलर डाल्टनगंज आनंद मोटर्स ने महिंद्रा के नए मॉडल महिंद्रा वीरो कॉमर्शियल सेगमेंट गाड़ी की लॉचिंग हुई। इस अवसर पर आनंद मोटर्स के जीएम (सेल्स) प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि महिंद्रा वीरो बेजोड़ स्थायित्व और उन्नत तकनीक का वादा करता है। इसकी अत्याधुनिक विशेषताएं व्यवसायों को बेहतर दक्षता प्रदान करती हैं। वहीं, जीएम (सेल्स) मनप्रीत सिंह ने कहा कि महिंद्रा वीरो वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा। यह मॉडल नवाचार और गुणवत्ता के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आनंद मोटर्स महिंद्रा के सेल्स मैनेजर गणेश प्रसाद ने बताया कि महिंद्रा ने इसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 7.99 लाख रुपये रखी है। इस कीमत पर इसके वी2 सीबीसी एक्सट्रा लार्ज वेरिएंट को खरीदा जा सकता है। वहीं इसके वी6 एसडी एक्सएक्सएल वेरिएंट की एक्स शोरूम कीमत 9.56 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी ने तीन वेरिएंट्स में लॉन्च किया गया है। जिनमें ड्राइवर सीट स्लाइड और रिक्लाइन के साथ ही फ्लैट फोल्ड सीटें, दरवाजे का आर्म-रेस्ट, मोबाइल डॉक, पियानो ब्लैक क्लस्टर बेजेल, ड्राइवर एयरबैग, हीटर और एसी, फास्ट चार्जिंग यूएसबी सी-टाइप, 26.03 सेमी टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट, रिवर्स पार्किंग कैमरा, स्टेयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, पावर्ड विंडो जैसे फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी की ओर से इसे डीजल और सीएनजी के विकल्प के साथ लाया गया है। महिंद्रा के इस वाहन को सीबीसी, स्टैंडर्ड डेक और हाई डेक कार्गो के लिए बनाया गया है। जिसके एक्सएल 2765 मिमी, एक्सएक्सएल 3035 मिमी है। डीजल में इसकी भार उठाने की क्षमता 1.6 टन और 1.55 टन है, जबकि सीएनजी वर्जन की क्षमता 1.5 टन और 1.4 टन है। इस मौके पर महिंद्रा फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर राजेश पांडेय, एचडीबी फाइनेंस के एरिया मैनेजर नवीन कुमार, अनूप पाठक, चोलामंडलम फाइनेंस के अमित कुमार सिंह, आनंद मोटर्स के सेल्स मैनेजर निखिल कुमार, सेल्स मैनेजर आलोक राज, एचआर मैनेजर श्वेता सिंह, मैनेजर पूजा वर्मा, राहुल कुमार सिंह, सीएक्सएम अंशु सिंह, रुबीना रूमानी आदि उपलब्ध थे।

## इस नवरात्र अभिनेत्री रिमी सेन व टीवी स्टार रश्मि देसाई के साथ खेलेंगी डांडिया : संध्या



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर की महिला शाखा की ओर से इस साल भी डांडिया नाइट 2024 का आयोजन किया गया है। जिसमें बॉलीबुड की अभिनेत्री रिमी सेन के अलावा टीवी स्टार रश्मि देसाई भी 8 एवं 9 अक्टूबर को नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया खेलने आ रही हैं। इस कार्यक्रम की योजना अध्यक्ष संध्या ने बताया कि इस बार का कार्यक्रम बड़े शहरों की तर्ज पर भव्यता के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुंबई की मशहूर महिला डीजे प्लेयर एवं स्टार नाइट की एंकर हम सभी का मनोरंजन करेंगी। उन्होंने ने बताया इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने प्रथम महापौर अरुणा शंकर जिनका भरपूर सहयोग मिल रहा वह उद्‌घाटन करेंगी। संध्या ने बताया कि स्थान सीमित है। मात्र हम सभी द्वारा 500 लोगों की व्यवस्था की जा सकी है। महिलाओं में डांडिया के प्रति उत्सुकता कहीं उससे ज्यादा है।। इसलिए व्यवस्था बढ़ाने की बात चल रही है। पर जो लोग पहले आमंत्रण पत्र लेंगे उन्हें ज्यादा सुविधा मिलेगी। आमंत्रण पत्र मिलने का स्थान होटल शिवाय ब्लू, नवदीप वस्त्रालय (घास पटी रोड) आनंद मोटर्स एवं गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में 28 सितंबर से उपलब्ध होगा। इस बार कार्यक्रम में स्पॉन्सर द्वारा तीन बेस्ट डांडिया कपल अवार्ड एवं दो डांडिया क्वीन अवार्ड भी दिया जाएगा। कार्यक्रम मैदान में दिल्ली दरबार की ओर से जहां खाने के कई तरह के नए-नए व्यंजन की व्यवस्था की जा रही है वहीं नवरात्र को ध्यान में रखते हुए बिना लहसुन प्याज के कई तरह के व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। संध्या ने कहा कि जहां पलामू चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष, सचिन एवं सदस्यों की ओर से इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में पूर्ण सहयोग मिल रहा वहीं हमारी महिला साथी एवं कार्यक्रम सहयोगी कोमल अग्रवाल सराफ, शिवानी आनंद, रंजीता, टीना आनंद, सिमरन कौर, आलिया सिंघानिया, आरती आनंद, पूजा भिवानिया, प्रियंका सिंघानिया, गुंजन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, प्रीभराज गुप्ता एवं कई महिला मित्र मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। संध्या ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर डांडिया स्टिक भी उपलब्ध रहेगा जो खरीदना चाहे खरीद सकते हैं।

## हुसैनाबाद के नये एसडीओ ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नए एसडीओ कृष्णकांत कनवाड़िया ने गुरुवार को निर्वतमान एसडीओ पीयूष सिन्हा से प्रभार ग्रहण किया। विदित हो कि निवर्तमान एसडीओ पीयूष सिन्हा को धनबाद जिले का अपर जिला दंडाधिकारी बना दिया गया है। अपने कार्यालय कक्ष में योगदान देने के उपरांत नावपादस्थापिता आईएसएस सह एसडीओ कृष्णकांत कनवाडिया ने कहा कि अनुमंडल कार्यालय से जुड़े कार्यों का निष्पादन समय से करने का प्रयास किया जायेगा। ताकि यहां के लोगों को परेशानी ना हो। जनता कभी भी अपनी समस्याएं लेकर उनसे मिल सकती है। जनता की जन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता होगी। कहा कि आम लोगों की सहभागिता से अनुमंडल क्षेत्र में विकास की गति को तेज की जाएगी और आदर्श अनुमंडल का निर्माण किया जाएगा।

# स्पोर्ट्स



बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को अचानक सन्यास की घोषणा कर सबको चौंका दिया। संवाददाता सम्मेलन कहा कि मीरपुर में दक्षिण अफ्रिका के खिलाफ आखिरी टेस्ट होगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल: टाटीसिलवे व जूनियर केपीएल क्वाटरफाइनल में



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टाटीसिलवे एफसी व जूनियर केपीएल की टीम 19वां चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुनार्मेंट के क्वारटरफाइनल में पहुंच गई। गुरूवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में विदेशी खिलाड़ियों से सजी टाटीसिलवे ने एफसी यूनाइटेड कांके को 2-1 से हराया। टाटीसलवे की ओर से तौहीद अहमद ने 10वें व रौशन केरकेटटा ने 39वें मिनट में गोल दागा। कांके की ओर से पंकज ने 33वें मिनट में गोल किया। टाटीसलवे की ओर से तीन विदेशी खिलाड़ी खेल रहे थे। मैन आफ मैच का पुरस्कार तौहीद अहमद को दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव मोहसीन खान व विशिष्ट अतिथि जनजाति सुरक्षा मंच के जिला सहसंयोजक उमेश बड़ाईक ने किया। दूसरे मैच में जूनियर केपीएल ने काफी रोमांचक मुकाबले में एएससीआर पतरातू को 1-0 से हराया। एकमात्र गोल केपीएल के सतीश ने दागा। मैन आफ दी मैच का पुरस्कार सचिन को दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने किया। मौके पर शैलेश मिश्रा, सांवर अग्रवाल, राजेंद्र अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, सीइओ जैलेंद्र कुमार, प्रकाश यादव, अजय राज, शिवदास गोस्वामी मौजूद थे।

# बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब ने लिया संन्यास

## कानपुर में भारत-बांग्लादेश मैच के पहले 2 दिन फुल, सभी टिकट बिके

**कानपुर (एजेंसी)।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को अचानक संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि मीरपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेरा आखिरी टेस्ट होगा। वे भारतीय दौरे पर बांग्लादेशी टीम का हिस्सा हैं, हालांकि उनके कानपुर टेस्ट खेलने में संदेह है। 37 साल के बांग्लादेशी ऑलराउंडर ने कहा कि 'मैंने अपने बोर्ड से मीरपुर में आखिरी टेस्ट खेलने की इच्छा जाहिर की है। वे मेरे स्वदेश वापसी के प्रयास भी कर रहे हैं, यदि ऐसा नहीं होता है तो इंडिया के खिलाफ कानपुर टेस्ट मेरा आखिरी मुकाबला होगा।' शाकिब ने कहा कि 'मैं अपने देश तो जा सकता हूं, लेकिन मेरे साथ वहां क्या होगा



नहीं पता।' शाकिब पर एक प्रदर्शनकारी छात्रा की हत्या के आरोप हैं, हालांकि उनका विवादों से पुराना नाता रहा है।

### गले में काला धागा पहना

शाकिब अल हसन पिछले कुछ दिनों से सेंट्रल सीरस कोरियोरेटिनोपैथी से परेशान हैं। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें रेटिना के नीचे तरल पदार्थ जमा हो जाता है। जो नजर को बाधित करता है। इसी परेशानी के कारण शाकिब भारत के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में गले में काला धागा पहना था और उसे मुंह से दबाते नजर आए थे। उन्होंने यह तरीका खुद निकाला था। शाकिब भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 32 और दूसरी पारी में 25 रन ही बना सके थे। उन्हें चेन्नई में खेले गए इस टेस्ट में कोई विकेट नहीं मिला था।

### शाकिब पर लगा है हत्या का आरोप

रिपोर्ट की मानें तच रफिकुल इस्लाम ने कहा कि 5 अगस्त को उनका बेटा रुबेल अडाबार के रिंग रोड एरिया में विरोध कर रहा था। जिसमें रुबेल के साथ कई और भी स्टूडेंट्स शामिल थे। शाकिब समेत 147 लोगों पर आरोप लगा कि उन्होंने आंदोलन करने वालों पर फायरिंग के आदेश दिए थे। साथ ही कई आरोपी फायरिंग करने वालों में भी शामिल थे। गोलीबारी के दौरान रुबेल घायल हो गया था, उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन 2 दिन बाद ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पिता ने पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करा दी। बतातें चलें कि शाकिल इसी साल सांसद बने थे। वे शेख हसीना की सरकार में मंत्री थे। देश में हिसंक प्रदर्शन के बाद शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। साथ ही उन्हें देश भी छोड़ना पड़ा। हसीना के इस्तीफे के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनूस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में चीफ एडवाइजर का पद संभाला है।

### भाजपा का परिवर्तन संकल्प यात्रा रथ बेरमो से धनबाद के लिए रवाना

# आजसू से झारखंड में विचारों का गठबंधन है, हम लोग हमेशा साथ चलेंगे: रविंद्र राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ गुरुवार को फुसरो से धनबाद के लिए रवाना हुआ। इसस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि परिवर्तन यात्रा में हर वर्ग के लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है। बताया कि झारखंड में कुल 6 परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा का धनबाद में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा समापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के प्रति भाजपा की जिम्मेवारी दूसरे राजनीतिक दलों से कहीं ज्यादा है, क्योंकि भाजपा ने ही झारखंड का निर्माण किया है। इसको सुरक्षित रखना भाजपा की ही जिम्मेवारी है। आज राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोग सामाजिक बिखराव कर रहे हैं। कहा कि झारखंड में जब-जब भाजपा की सरकार बनी, तब-तब विकास हुआ है। सड़क, पूल निर्माण, कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना, अपराधियों पर अंकुश लगाने, उग्रवादियों से मुक्ति दिलाने, खेत खलिहान को सुरक्षित करने, गांव का विकास आदि भाजपा की सरकार में ही हुआ है। विपक्ष पर हमलावर रविंद्र राय ने आरोप लगाया कि झारखंड को लूटने वाले लोग एकजुट होकर 2019 में सरकार बनाएं। कहा कि झारखंड बनने के पहले लालू प्रसाद यादव के शासन काल में जैसा जंगल राज था वर्तमान में उसी लालू जी की पार्टी को साथ लेकर हेमंत सरकार सत्ता में काबिज है, जिनके राज में राज्य फिर से जंगल राज बना हुआ है। कांग्रेस और झामुमो ने मिलकर इस राज्य का सत्यानाश कर दिया है। इस जंगल राज से मुक्ति दिलाने के लिए भाजपा ने परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली है। भाजपा आदिवासी, मूलवासी आदि सभी को लेकर झारखंड को विकास की ओर ले जाने में लगी है। जबकि कांग्रेस समाज में बिखराव चाहती है। वोटो का बंटवारा कर बहुमत की सरकार नहीं बने, इसकी राष्ट्रीय स्तर पर कोशिश कर रही है। आज झारखंड में उनका मंत्री आलमगीर आलम जेल में बंद है। मुख्यमंत्री जेल में थे, जब बाहर आए तो फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ गए। उनके सारे नजदीकी अभी भी जेल में है। कहा कि अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी के सपनों का झारखंड बनाने के लिए भाजपा की बहुमत की सरकार बनानी होगी। कहा कि झारखंड में आजसू के साथ हमारा गठबंधन विचारों का है और हम हमेशा साथ चलेंगे। मौके पर बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, बोकारो जिला के पूर्व अध्यक्ष भरत यादव, जगरनाथ राम, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, कार्य समिति सदस्य लक्ष्मण नायक, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, मधुसूदन प्रसाद सिंह, विनय सिंह, टिन्नू सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय शर्मा, फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव आदि मौजूद थे।


परिवर्तन संकल्प रथ को रवाना करते पूर्व सांसद रविंद्र राय व अन्य।

# डीसी व एसएसपी ने हवाई अड्डे पर किया केंद्रीय रक्षा मंत्री का स्वागत

**हवाई अड्डे से रणधीर वर्मा स्टेडियम तक सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को कार्यक्रम में शामिल होने रांची से हेलिकॉप्टर के जरिए धनबाद हवाई अड्डा पर पहुंचे। जहां डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। हवाई अड्डे से रक्षा मंत्री के काफिले के साथ डीसी व एसएसपी रणधीर वर्मा स्टेडियम तक गए। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पुनः धनबाद हवाई अड्डे पहुंचे। इसके बाद डीसी व एसएसपी रक्षा मंत्री के साथ हेलीकॉप्टर तक गए और उन्हें विदाई दी। केंद्रीय रक्षा मंत्री के धनबाद आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। हवाई अड्डे से रणधीर वर्मा स्टेडियम तक के रूट पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में, पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। साथ ही एडवांस वार्निंग कार, पायलट कार, जैमर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के छत पर सुरक्षाकर्मी, रूट लाइनिंग पर बैरिकेडिंग सहित प्रोटोकोल के अनुसार सुरक्षा के अन्य इंतजाम किए थे। हवाई अड्डे पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, सिटी एसपी अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार आदि मौजूद थे।



# परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में राजनाथ सिंह का हुआ भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (पूर्वी) की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह पर आयोजित सभा में गुरुवार को मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित हुए। गोल्फ ग्राउंड में राजनाथ सिंह का जोरदार स्वागत हुआ। इसस दौरान मंच पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, परिवर्तन यात्रा के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण राय आदि उपस्थित थे। रक्षामंत्री ने परिवर्तन यात्रा को ऐतिहासिक बताया। कहा राज्य में परिवर्तन की बयार बह रही है।

## शहीद राजू यादव की 33वीं पुण्यतिथि पर सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला बीस सूत्री समिति के तत्कालीन उपाध्यक्ष शहीद राजू यादव कि 33वीं पुण्यतिथि पर राजू यादव चौक पूजा टॉकिज के निकट गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री आबो देवी व मंच संचालन राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने की। शहीद राजू यादव की आदमकद प्रतिमा पर सर्वप्रथम उनकी पत्नी सह पूर्व मंत्री आबो देवी, पुत्र संजय कुमार, अवधेश कुमार महामंत्री राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ सह केद्रीय सचिव आजसू सुमेश कुमार पौत्र साहित्य राज सामर्थ के अलावे विभिन्न राजनीतिक,धार्मिक व सामाजिक संगठन के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आबो देवी ने कहा कि मेरे पति राजू यादव सामाजिक न्याय के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिये। अपने संपूर्ण जीवन में दबे कुचले, गरीब गुरबो और वंचितों की आवाज बने रहे। वंचितों को सत्ता में हिस्सेदारी दिलाने एवं उनकी आवाज को बुलंद करने की कीमत उन्हें जान देकर चुकानी पड़ी। उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर माफियाओं ने उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि माफिया का अंत अब करीब है। इसकी शुरूआत हो चुकी है। समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि राजू यादव समाजिक न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने समाज को बहुत कुछ दिया। आवेश कुमार ने कहा कि पिता ने विनम्र, साहसी, शक्तिशाली व कर्मयोगी रहकर दृढ विश्वास के साथ सामाजिक न्याय की जो ज्योति जलाई उसे बुझने नहीं दूंगा। इस मौके पर पूर्व पार्षद जगत महतो, उदय शर्मा, शिव शंकर व्यास, रामाशीष यादव, बासुदेव प्रसाद यादव, सीताराम यादव, अनवरी खातुन, गुलशन खातुन, रंजीत यादव गुड्डु, प्रवीण कुमार, सोमनाथ चटर्जी, मनन यादव, दिवाकर सिंह, देवेन्द्र यादव, रतिलाल महतो, वंशराज कुशवाहा, कुल्लू चौधरी, महेंद्र यादव, सुमित्रा देवी, गोपाल यादव, सोनू यादव, विहारी यादव, रामबाबू यादव आदि ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। धन्यवाद ज्ञापन शंकर यादव ने किया ।

# बेरमो विधायक ने खिलाड़ियों को दिया क्रिकेट मैट

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने निजी मद से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए बिनोद बिहारी महतो करगली फुटबॉल ग्राउंड के बेरमो क्रिकेट एकेडमी (बीसीए) के खिलाड़ियों के भविष्य व उत्तम खेल के लिए क्रिकेट मैट दिया। विधायक ने यह क्रिकेट मैट झामुमो के युवा नेता बोकारो जिला स्पोर्ट्स विंग अध्यक्ष भोलू खान, सचिव अनिल रजवार और एकेडमी के कुंदन कुमार सहित अन्य सदस्य को सौंपा। विदित हो कि करगली फुटबॉल ग्राउंड में खिलाड़ी नेट लगाकर क्रिकेट का अभ्यास करते हैं। उन खिलाड़ियों के पास क्रिकेट मैट नहीं था। इसके लिए अकादमी के कुंदन कुमार ने झामुमो नेता भोलू खान से मैट नहीं होने से अभ्यास करने में दिक्कत होने की बात कही। भोलू खान इस बात को बेरमो विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए उन खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अपने निजी मद से मैट उपलब्ध करवाते हुए गुरुवार को खिलाड़ियों को सौंप दिया। विधायक ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना हमारी जिम्मेदारी है। वहीं, भोलू खान ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कहा कि खिलाड़ियों के पास सारी सुविधाएं उपलब्ध होने पर वह अच्छे से अभ्यास कर आगे भी निकल सकते हैं। प्रदेश सहित देश में अपना व बेरमो का नाम रोशन कर सकते है। कहा कि खिलाड़ी खेलेंगे तो झारखंड आगे बढ़ेगा। मौके पर कांग्रेस के बेरमो प्रखंड सचिव सलीम जावेद, प्रदेश प्रतिनिधि पम्मी सिंह, पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।



# आगे बने रहने का प्रयास जारी रखेगा सेल: अध्यक्ष

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने गुरुवार को नई दिल्ली के लोदी रोड स्थित कंपनी के मुख्यालय में अपनी 52वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित किया। जिसमें सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया। कहा कि पिछले वित्त वर्ष के प्रदर्शन को देखते हुए और आने वाला समय, यह मेरे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि एक संगठन के रूप में हम 'नंबर वन' यानी अपने उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बनने की आकांक्षा रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत के विजन के साथ देश के सामाजिक, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयास ने देश के सभी क्षेत्रों में स्टील की मांग को बढ़ावा दिया है। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सेल के प्रदर्शन का सारांश दिया। कहा कि सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान क्रमश 20.5 मिलियन टन, 19.24 मिलियन टन और 18.44 मिलियन टन हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का उत्पादन करके नए मानक स्थापित किए, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की तुलना में क्रमशः 5.6 फीसदी, 5.2 फीसदी और 6.9 फीसदी अधिक है। उन्होंने उल्लेख किया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1,04,545 करोड़ रुपये का सर्वश्रेष्ठ विक्रय कारोबार हासिल किया। आगे कहा कि सेल दो फोकस क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की राह पर है, जिसमें क्षमता उपयोग को अधिकतम करना और ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सेल स्टेकहोल्डर्स के साथ जुड़ाव बनाए रखेगा, परिसंपत्ति उपयोग में सुधार करेगा और सक्रिय रूप से आगे बने रहने का प्रयास जारी रखेगा।



# कतरास में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**कतरास (आजाद सिपाही)।** सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन मानद उप नियंत्रक के तत्वावधान में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कतरास सुलभ सुविधा केंद्र में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुआ। अपने संबोधन में वार्ड नंबर 3 के निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में कतरास में काफी विकास हुआ है। वहीं, उप नियंत्रक शेषनारायण झा ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा कि लोग अपने मोहल्लों और घरों को कैसे साफ रखें। मौके पर सहायक नियंत्रक शैलेंद्र सिंह, जिला प्रभारी पंकज सिंह सुपरवाइजर, मनोज कुमार, महावीर पाल, संपत सिंह, विजय कुमार, रामस्वरूप प्रसाद, वीजेन्द्र राय और सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।



## 29 साल पहले जल समाधि लेने वाले 64 कोल कर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि



**अंगारपथरा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल एरिया चार अंतर्गत गजलीटॉड़ कोलियरी में 29 साल पहले आज ही के दिन जल समाधि लेने वाले 64 कोलकर्मियों की याद में गुरुवार को समाधि स्थल पर सर्वधर्म और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता के अलावा गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंदर पांडेय, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय झा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो और यूनियन के नेता व मृतक के परिजनों ने गजली टांड पहुंचकर शहीद स्मारक स्तंभ पर पुष्पमाला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मृतकों की याद में सीएमडी ने पौधरोपण कर सुरक्षित माइनिंग का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय ने कहा कि 25 सितंबर 1995 की वह काली रात दिल को दहला देने वाला था। शहीदों के परिजनों को मुआवजा व नौकरी दी गयी। कुछ श्रमिकों को तकनीकि कारणों से मुआवजा नहीं मिल पाया इसके लिए संसद में कई बार सवाल भी उठाया गया। वहीं बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा ने कहा कि गजलिटाड की घटना मानवीय त्रासदी का उदाहरण है। घटना को लेकर गठित की गई मुखर्जी कमिटी का रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गयी। यह रिपोर्ट पूरा हुआ ही नहीं। आज तक गजलिटाड घटना किसकी लापरवाही से हुई और 64 कोयला श्रमिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी इसका खुलासा तक नहीं हुआ। बतातें चले कि गत 26 सितंबर 1995 को बीसीसीएल एरिया 4 के गजलीटांड़ कोलयरी के 6 नंबर पिट में बड़ी खान दुर्घटना हुई थी। भारी बारिश के कारण 6 नंबर पिट में पानी भर गया था और इस पिट में काम करने वाले 64 कोल कर्मियों की जान पानी मे डूबने से हो गयी थी। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 26 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है।

## विधायक ने राकेश सिंह को बनाया नप विधायक प्रतिनिधि



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने फुसरो नगर परिषद के विकास कार्यों को गति देने के लिए नप के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश सिंह उर्फ चुन्नू को नगर परिषद का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही राकेश सिंह से फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी देते हुए पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात कही है। अब राकेश सिंह नगर परिषद कार्यालय के कार्यों का जायजा लेंगे और विकास कार्यों को गति देंगें। इस अवसर पर राकेश सिंह ने विधायक अनूप सिंह को धन्यवाद दिया। कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी है उसका इमानदारी से पालन करूंगा। नप क्षेत्र के विकास की थम गई गति को आगे बढ़ाऊंगा।

# कोयला भवन के नेहरू पैलेस में 29 को चिराग पासवान की सभा, तैयारी जोरों पर

### धनबाद की ज्वलंत समस्याओं के समाधान पर चिराग करेंगे चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 29 सितंबर को धनबाद दौरे पर आ रहे हैं. इस दौरान कोयला भवन स्थित नेहरू पैलेस में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगें। जिसकी तैयारियां शहर से लेकर गांव स्तर पर की जा रही है। तैयारियों की समीक्षा को लेकर गुरुवार को लोजपा (रामविलास) के झारखंड अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में 8 लेन स्थित बुद्धा पैलेस में बैठक हुई। इस दौरान वीरेंद्र प्रधान ने प्रत्येक गांवों, वार्डो में प्रचार के लिए प्रचार गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का झारखंड में यह तीसरी जनसभा होगी। इसके पहले 23 सितंबर को लातेहार एवं पलामू में जनसभा हो चुका है। उन्होंने कहा कि लोजपा (रामविलास) का धनबाद जिला में संगठन काफी मजबूत है। गांव, पंचायत व प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ता काफी सक्रिय एवं समर्पित है। धनबाद के छह विधानसभाओं का बूथ गठन कर लिया गया है। प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ताओ की नियुक्ति कर इसकी लिखित सूची प्रदेश को भेज दी गई है। ताकि एनडीए गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। समीक्षा बैठक में कृष्ण देव पासवान, आशा राय, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, बिलाल खान, मुंद्रिका पासवान, श्रीकांत पासवान, राकेश सिंह, प्रमोद सिंह, नरेश पासवान, रामानंद पासवान, कपिल पासवान, रामासिहान पासवान, संजय पासवान, बबलू पासवान, सुमित कुमार, मोहम्मद शमीम, आशुतोष कुमार, अशोक सिंह और बिहारी लाल चौहान आदि उपस्थित थे।



**कार्यालय:- जिला अभियंता, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–28/2024–25 प्रकाशित करायी गयी है जिसका PR No-336140 Rural Development (24-25)_D है। निर्गत निविदा की प्राप्ति तिथि 28.09.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 30.09.2024 अंकित है। उक्त निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.09.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 02.10.2024 पढ़ा जाय।

शेष निविदा की शर्ते यथावत होगी।

जिला अभियंता,

PR 337138 Rural Development (24-25)_D लातेहार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **07/2024-25** जिसका PR – 336246 है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | पूर्व का प्रकाषन | | संषोधित |
|---|---|---|---|
| 4 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 29-09-2024 समय 03.30 बजे अपराहन् तक | 30-09-2024 समय 03.30 बजे अपराहन् तक |
| 5 | निविदा के तकनीकी बीड खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 29-09-2024 समय 04.30 बजे अपराहन | 30-09-2024 समय 04.30 बजे अपराहन् तक |

निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 337185 (Lohardaga)24-25*D

## ओड़िशा के भुवनेश्वर में भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम

# कांग्रेस पार्टी शहरी नक्सलवाद की प्रवक्ता बन गयी है : जेपी नड्डा

- रिटायर्ड सिविल सेवक, आर्मी अफसर, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, सीए और कला से जुड़े लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम संबोधित किया और प्रदेश में डबल इंजन सरकार में हो रहे विकास कार्यों की भूरि-भूरि सराहना करते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और दुष्यंत गौतम, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव एवं सांसद संबित पात्रा सहित प्रदेश भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कई रिटायर्ड सिविल सेवक, आर्मी अफसर, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, सीए और कला से जुड़े लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी।

श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए ने देश को विकसित करने का काम किया है, जबकि इंडी गठबंधन के घटक दलों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और राष्ट्र विरोधी तत्वों को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 5 हजार छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टियां हैं, जिनमें से 50 सक्रिय हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्रीय और लोकतांत्रिक विचारधारा पर आधारित एक कैडर आधारित और बड़े पैमाने पर अनुसरण करने वाली पार्टी है। इस सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्य बनाये जायेंगे, उसके बाद पार्टी में मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर सदस्यों का चुनाव होगा, जिसके उपरांत प्रदेश स्तर के चुने हुए लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश में कोई भी ऐसी पार्टी नहीं है, जो विचारधारा पर चलती हो। महात्मा गांधी जी ने 1947 में ही कॉंग्रेस पार्टी को खत्म करने की बात कही थी, लेकिन नेहरू विचारधारा से अलग हो गये। वाम मोर्चा के नेताओं ने विचारधारा से हटकर किसी भी पार्टी से हाथ मिला लिया। आज केरल और पश्चिम बंगाल में 2 पार्टियों के बीच नूरा कुश्ती है और दिल्ली में दोस्ती है। कांग्रेस पार्टी शहरी नक्सलवाद की प्रवक्ता बन ग/१ है और विखंडनकारी शक्तियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 वापस लाने के बात करने वालों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है।

श्री नड्डा ने कहा कि देश का युवा वर्ग 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, ताकि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सके, जिसके लिए अगले 5 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। श्री नड्डा ने लोगों को भाजपा में शामिल होने, सदस्य बनने तथा अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने "KNOW BJP" के नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है। विभिन्न देशों के लगभग 70 राजदूतों ने पार्टी को बेहतर तरीके से समझने के लिए भाजपा मुख्यालय का दौरा किया है। आज दुनिया भारतीय जनता पार्टी के बारे में जानने के लिए उत्सुक है। लगभग 30 राजनयिकों ने भारतीय चुनावों का अवलोकन किया है, चुनाव प्रक्रिया, भाजपा कार्यालय की स्थापना, वार रूम की कार्यप्रणाली, बैकअप कार्यालय और सोशल मीडिया रणनीतियों का विश्लेषण किया है। प्रमुख देशों के ये राजनयिक भारत में लोकतंत्र को समझने के लिए भाजपा कार्यालय आ रहे हैं। विभिन्न देशों के कई प्रधानमंत्रियों ने भी भाजपा कार्यालय का दौरा किया है और ये अतिथि पार्टी को और अधिक समझने के लिए भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष से मिलने में गहरी रुचि दिखाते हैं।

# आइएमएस-सम हॉस्पिटल में सप्ताह में दो दिन कैंसर रोगियों के लिए मुफ्त इलाज और परामर्श

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर कैंसर रोगियों को उचित उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से 28 सितंबर से सप्ताह में दो दिन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल्स (सीतलापल्ली कैंपस) में मुफ्त उपचार और परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। अस्पताल ने जानकारी दी है कि इस इलाज की सुविधा कैंसर विशेषज्ञ और सर्जन से उपलब्ध करायी जा सकती है। मेडिकल और




सर्जिकल ऑन्कोलॉजी शिविर क्रमशः प्रत्येक शनिवार और रविवार को दो दिनों के लिए आयोजित किए जाने वाले हैं, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को परामर्श, निदान और उपचार प्रदान करेंगे। इस बीमारी के इलाज और सर्जिकल फायदों के बारे में भी सलाह दी जायेगी। अस्पताल की अत्याधुनिक कैंसर उपचार सुविधाओं का उपयोग करके शिविर में कीमोथेरेपी सत्र भी प्रदान करने की योजना बनायी गयी है।

इस उपचार का लाभ उठाने के लिए मरीज 91-6811275777 या 91-681127777 पर संपर्क कर सकते हैं, सम हॉस्पिटल शीतलापल्ली कैंपस के निदेशक देव प्रसाद दास ने बताया।

# विद्युत कनेक्शन से मीटर हटाना अवैध

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुरला।** टीपीडब्ल्यूओडीएल की ओर से कहा गया है कि हम अपने सेवा क्षेत्र में समाज के हर वर्ग को स्थिर, विश्वसनीय और बिना बाधा के विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करते हैं। बरगढ़ जिले के बरपाली क्षेत्र के कुछ उपभोक्ताओं ने फिर से मीटरों को उनकी स्थापना के स्थान से हटा कर तहसील कार्यालय के सामने फेंक दिया है, जिसकी जानकारी हमें मिली है। हम स्पष्ट रूप से यह बताना चाहते हैं कि विद्युत वितरण, रखरखाव, मीटरिंग, बिलिंग, बिलिंग टैरिफ सभी का नियमन ओड़िशा विद्युत नियामक आयोग (ओइआरसी) द्वारा किया जाता है। ये टैरिफ प्रत्येक वर्ष समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ खुले विचार-विमर्श के माध्यम से ओइआरसी द्वारा घोषित किये जाते हैं। बिजली वितरण के लिए एक लाइसेंसधारी के रूप में, हम ओइआरसी द्वारा संप्रेषित निर्णय का पालन करते हैं।

नियम और कानून के अनुसार उपभोक्ता को तब आधिकारिक उपभोक्ता माना जाता है, जब उसकी कनेक्शन मीटर के साथ प्रदान की जाती है। चाहे उपभोग का स्थान या प्रकार कुछ भी हो। विद्युत कनेक्शन से मीटर हटाना पूरी तरह से अवैध, गैरकानूनी और विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 और 139 के तहत एक अपराध है। हमने पिछले कुछ महीनों में कई अवसरों पर उपभोक्ताओं और जनता को इसकी जानकारी दी है। जहां तक बरपाली क्षेत्र की घटना का संबंध है, हमने इस मामले की रिपोर्ट बरगढ़ जिले के नागरिक प्रशासन और पुलिस प्रशासन को दी है, ताकि कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा सके। हम एक बार फिर सभी के हित में दोहराना चाहेंगे कि स्मार्ट मीटर 100% सटीक और विश्वसनीय हैं और उपभोक्ताओं को प्रदान किये गये उपकरणों में कोई समस्या नहीं है। इसलिए इस प्रकार के अवैध कृत्य को कानून प्रवर्तन प्राधिकरण द्वारा उचित रूप से निपटाया जायेगा। कनेक्शन के साथ छेड़छाड़ के दौरान जीवन और संपत्ति की हानि होने की स्थिति में डिस्कॉम किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

## एनटीपीसी बोंगाइगांव को मिला ग्रीन रिबन चैंपियंस अवार्ड 2024



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी बोंगाईगांव को 25 सितंबर, 2024 को नयी दिल्ली में न्यूज 18 के ग्रीन रिबन चैंपियंस अवार्ड 2024 - 'सस्टेनेबिलिटी चैंपियन ऑफ नॉर्थ ईस्ट' से सम्मानित किया गया। यह मान्यता बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र और उत्तर पूर्वी राज्यों में स्थिरता, संयंत्र प्रदर्शन, पर्यावरण और सीएसआर पहलों में संयंत्र के उत्कृष्ट प्रयासों का सम्मान करती है। बिजनेस यूनिट के प्रमुख अखिलेश सिंह ने पावर स्टेशन के एचआर के प्रमुख ओंकार नाथ के साथ प्रसिद्ध अभिनेत्री और सस्टेनेबिलिटी एक्टिविस्ट गुल पनाग से पुरस्कार प्राप्त किया। मध्य प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे। यह उपलब्धि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाओं और सामुदायिक विकास के प्रति एनटीपीसी बोंगाईगांव की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।


## एसआर बार में छापा, नकली शराब जब्त



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। आबकारी विभाग ने गुरुवार को कटक जिले के निश्चिंत कोइली बाजार में एक बार पर छापा मारा। एसआर बार पर 10 सदस्यीय दल ने छापा मारा है। आबकारी विभाग ने इस बार से भारी मात्रा में नकली शराब, स्टीकर और ढक्कन बरामद किये हैं। अतिरिक्त कमिश्नर अरूपा पाणिग्राही के नेतृत्व में गुरुवार को सुबह भद्रेश्वर थाना अंतर्गत झड़ेश्वरपुर गांव से भारी मात्रा में नकली शराब जब्त की गयी। तीन लोगों को हिरासत में लिया गया और केंदुपाटना अबाकिरी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है।

# किम्स अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्नत तकनीक और विशेषज्ञ देखभाल से मरीज की जान बचायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल के एक 47 वर्षीय मरीज को केआईएमएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में जटिल चिकित्सा हस्तक्षेप के बाद मौत के कगार से वापस लाया गया है। 1 सितंबर को किम्स के मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती होने पर, रोगी को गंभीर श्वसन संकट का सामना करना पड़ा, जिसमें सांस लेने में तकलीफ, बुखार और कफ के साथ लगातार खांसी शामिल थी। मूल्यांकन करने पर, डॉक्टरों ने पाया कि छाती में गंभीर संक्रमण है जो दोनों फेफड़ों को प्रभावित कर रहा है, साथ ही दाएं फेफड़े के आसपास मवाद, तरल पदार्थ और हवा का जमाव भी हो रहा है। दबाव को कम करने के लिए छाती में नाली लगाने सहित शुरूआती प्रयासों के बावजूद, मरीज की हालत बिगड़ती गई। ऑक्सीजन के खतरनाक रूप से कम स्तर के साथ, मेडिकल टीम ने उसे वेंटिलेटर पर रखने का कठिन निर्णय लिया। डॉ सुनील जेना (क्रिटिकल केयर मेडिसिन), डॉ चंदन कुमार रे मोहपात्रा (सीटीवीएस) और डॉ देबासिस बेहरा (पल्मोनरी मेडिसिन) सहित विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम ने तुरंत एक उन्नत उपचार योजना तैयार की। उन्होंने वीवी ईसीएमओ (वेनो-वेनस एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन) शुरू किया, जो गंभीर श्वसन विफलता का अनुभव करने वाले रोगियों के लिए एक जीवनरक्षक प्रक्रिया है। एक अभूतपूर्व दृष्टिकोण में, एक फेफड़े का वेंटिलेशन किया गया, जिससे प्रभावित दाहिने फेफड़े को अलग किया गया, जबकि बायें फेफड़े का सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया गया।

डॉ जेना ने कहा कि यह मामला मानवीय भावना की लचीलापन और आधुनिक चिकित्सा की असाधारण क्षमताओं को उजागर करता है। रोगी देखभाल और अभिनव उपचार विकल्पों के प्रति हमारी टीम की प्रतिबद्धता ने वास्तव में एक अंतर पैदा किया। पांच दिनों तक मरीज को एक फेफड़े के वेंटिलेशन पर रखा गया, सख्त संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन किया गया और गंभीर संक्रमण से निपटने के लिए लक्षित एंटीबायोटिक्स दिये गये। डॉक्टरों ने एक ऑटोलॉगस ब्लड पैच लगाया - मरीज के अपने खून के 50 मिलीलीटर को दाहिने फेफड़े के आस-पास की गुहा में इंजेक्ट किया ताकि फिस्टुला को सील करने में मदद मिल सके। धीरे-धीरे, दस दिनों की गहन देखभाल के बाद, मरीज को इसीएमओ सपोर्ट से हटा दिया गया और वेंटिलेटर से मुक्त कर दिया गया। वह अब अस्पताल के वार्ड में अच्छी तरह से ठीक हो रहा है, संक्रमण से मुक्त है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है।

## वाहनों का चालान काटा, अतिक्रमण हयाया



चास (आजाद सिपाही)। चास थाना क्षेत्र में गुरुवार को चास नगर निगम के साथ मिल कर यातायात थाना द्वारा धर्मशाला मोड़ से गरगा पुल तक सड़क किनारे अवैध रूप से पार्किंग किये गये करीब सौ से अधिक दुपहिया/चार पहिया वाहन का चालान काटा गया। साथ-ही सड़क किनारे दूकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को चास नगर निगम के एनफोर्समेंट टीम के द्वारा मुक्त कराया गया। इस अभियान का नेतृत्व आशीष कुमार महली, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), आर के राणा, थाना प्रभारी यातायात और जयपाल सिंह, सहायक नगर आयुक्त, अनुप गुंजन टोप्पनो, संतोष कुमार, नगर प्रबंधक चास नगर निगम के द्वारा किया गया।

# दशहरा में कटक शहर की सड़कों पर सजावट पर प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उड़ीसा उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कटक शहर की सड़कों की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और इस वर्ष दशहरा पूजा के दौरान सड़कों पर सजावट पर प्रतिबंध लगा दिया। कटक शहर की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सड़कों की खराब स्थिति को लेकर कटक नगर निगम (सीएमसी) को फटकार लगायी और निर्माण विभाग के सचिव को 5 अक्टूबर तक सड़क का काम पूरा करने का आदेश दिया। अदालत ने विभाग को सिल्वर सिटी में बिजली के तारों और केबलों की मरम्मत करने का भी निर्देश दिया तथा अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को निर्धारित की।

**मूर्ति विसर्जन जुलूस के लिए सख्त नियम लागू, महिलाओं के नृत्य पर रोक :** कानून और व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए ओडिशा के कटक में दशहरा के बाद मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान कई सख्त प्रतिबंध लगाये गये हैं। युवाओं को जुलूस के दौरान रूमाल या गमछा लहराकर नृत्य करने की भी अनुमति नहीं है। इसी प्रकार पुलिस प्रशासन ने जुलूस में महिलाओं के नृत्य पर भी पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। कटक ग्रामीण पुलिस ने कटक में आगामी दुर्गा पूजा और भसानी (मूर्ति विसर्जन जुलूस) के लिए प्रतिबंध जारी किये। कटक जिलाधीश के सम्मेलन कक्ष में आयोजित शारदीय दुर्गा पूजा की तैयारी बैठक में ऐसा निर्णय लिया गया है। इसमें कटक जिला कलेक्टर दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे, कटक ग्रामीण पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे। पूजा और भसनी के लिए अन्य नियमों के साथ-साथ जुलूस के नियमों का भी पालन करना होगा। इसमें किसी भी तरह का अपवाद कानून के अनुसार दंडनीय होगा। अनुशासन बनाये रखने के लिए लाइसेंस धारकों और साही मुराबियों को मूर्ति विसर्जन पूरा होने तक वहीं रहने को कहा गया है। जुलूस में आने वाले लोग किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं कर सकते हैं और न ही अपने साथ ला सकते हैं। जुलूस में बाधा डालना कानून के अनुसार दंडनीय होगा। किसी भी प्रकार के घातक हथियार जैसे लाठी, तलवार, तीर, गोले, बंदूक, रिवाल्वर नहीं ला सकते। जुलूस में लाठी, बैनाटी या तलवार का प्रदर्शन प्रतिबंधित है। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसे जुलूस से हटा कर तुरंत उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# डीजीपी ने पुलिस-खनन माफिया गठजोड़ पर चिंता व्यक्त की, कार्रवाई की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के डीजीपी योगेश बहादुर (वाइबी) खुरानिया ने गुरुवार को राज्य में पुलिस अधिकारियों-खनन माफियाओं के गठजोड़ पर गंभीर चिंता व्यक्त की। सभी एसपी और डीसीपी को लिखे पत्र में एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) ने कहा कि एसपी मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि कुछ फील्ड अधिकारी पुलिसिंग ड्यूटी से संबंधित गतिविधियों में शामिल नहीं हैं, विशेष रूप से परिवहन और खनन और औद्योगिक क्षेत्रों में अन्य अनधिकृत कार्यों में। इसमें कहा गया है कि पुलिस महानिदेशक ने इस मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इस बात पर जोर दिया है कि इस तरह की कार्रवाई पुलिस की जिम्मेदारी के दायरे से बाहर है। इन मामलों में किसी भी तरह की निरंतर संलिप्तता या पक्षपात को गंभीरता से लिया जायेगा। एडीजीपी ने आगे कहा कि सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे इस निर्देश का संज्ञान लें और इसका सख्ती से अनुपालन करें।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**